RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 119 , शुक्रवार, 12 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः 8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com





विश्व योगासन चैम्पियनशिप में बेतिया के सारांश कुमार ने जीता स्वर्ण, बढ़ाया बिहार का मान 03



सामाजिक न्याय के महानायक लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया 04

'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर रिलीज, हंस-हंसकर हो जाएंगे लोटपोट 07

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर में 7 करोड़ चढ़ावे की चोरी का आरोप

#### पूर्व अकाउंट इंचार्ज बोले- चंपत राय से शिकायत की तो हटा दिया

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में आए चढ़ावे में 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे पर सियासत जारी है। खुद को मंदिर का पूर्व लेखा प्रभारी बताने वाले महिपाल सिंह ने मीडिया से कहा कि मंदिर में चोरी कोई नई बात नहीं थी, यह रोजाना होती थी। मैंने खुद चोरी पकड़ी थी।



उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और मेंबर गोपाल जी से की थी। अगले ही दिन चंपत राय ने मुझे हटा दिया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की 8 महीने पुरानी फुटेज डिलीट करवा दी गई। चंपत राय मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में मनमर्जी चलाते हैं। अगर कोई विरोध करता है, तो उसे हटा दिया जाता है। इस बीच, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार को एटा में कहा– राम मंदिर में शिला पूजन के समय से ही चोरी हो रही है।

### 'गहलोत जी का स्नेह मेरे साथ भी वैभव जैसा'

#### सचिन पायलट ने मुस्कुराते हुए दिया पूर्व सीएम के बयानों का जवाब



**दौसा (एजेंसी)।** सियासत के मैदान में जब शह और मात का खेल चल रहा हो, तब बयानों के तीर सीधे दिल पर चोट करते हैं। गुरुवार को दौसा जिला एक बार फिर राजस्थान की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र बन गया। मौका था पूर्व केंद्रीय मंत्री और 'किसान मसीहा' राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि का। भंडाना स्थित स्मृति स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जब राजेश पायलट के बेटे और कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट पहुंचे, तो माहौल बेहद भावुक था। उनके साथ उनके दोनों बेटे आरान और विहान पायलट भी दादा को नमन करने पहुंचे थे। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सचिन पायलट जब मीडिया के सामने आए, तो उन्होंने राजस्थान की राजनीति में चल रही सबसे बड़ी 'अंदरूनी जंग' पर बेहद सधे हुए, लेकिन बेहद तीखे अंदाज में अपनी बात रखी।

### उत्तराखंड के चमोली में सड़क हादसा

#### कैल नदी में बोलेरो वाहन गिरने से 4 की मौत, 3 घायल

**गोपेश्वर (चमोली) (एजेंसी)।** जनपद चमोली के दूरस्थ विकासखंड देवाल से एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। गुरुवार को कुंनार–गेस मोटर मार्ग पर एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में लुढ़कते हुए सीधे कैल नदी में जा गिरा। इस भीषण हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

● डोनाल्ड ट्रंप का ऐलान : ईरान पर आज रात बहुत बड़ा हमला होगा

# खार्ग द्वीप का तेल–गैस कब्जाएंगे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले नई धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका गुरुवार रात ईरान पर बड़ा हमला करेगा। उनका दावा है कि ईरान की ज्यादातर सैन्य ताकत पहले ही कमजोर हो चुकी है।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान के सबसे बड़े ऑयल एक्सपोर्ट सेंटर खार्ग आइलैंड और दूसरे अहम तेल-गैस ठिकानों पर कब्जा करेगा। खार्ग आइलैंड को ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा सेंटर माना जाता है।

ओमान के तट के पास गुरुवार को भारतीय क्रू वाले जहाज एमटी जलवीर पर हमला हुआ है। हमले के बाद इस पर आग लग गई है। हमला किसने किया, इसकी जानकारी नहीं मिली है।

घटना के बाद भारतीय दूतावास ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और हालात पर नजर रखे हुए हैं। इससे पहले होर्मुज स्ट्रेट के पास

● अमेरिकी हमले में 3 भारतीयों की मौत, भारत नाराज





बुधवार को तेल टैंकर 'एमटी सेत्तेबेल्लो' पर हुए अमेरिकी हमले में 3 भारतीयों के मौत की पुष्टि हो गई है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि अब तक दो के शव बरामद कर लिए गए हैं।इसे लेकर अमेरिकी सेना ने कहा था कि सेत्तेबेल्लो ईरानी तेल ले जा रहा था। उसने चेतावनियों की अनदेखी की, जिसके बाद उस पर हमला किया गया।यह इस हफ्ते दूसरा मामला है जिसमें भारतीय क्रू वाले जहाज पर अमेरिका ने अटैक किया है। इससे पहले सोमवार को अमेरिका ने तेल टैंकर द मैरिवेक्स पर हमला किया था।

### रूस ने अमेरिका और ईरान से संयम बरतने की अपील की

रूस ने अमेरिका और ईरान से हमले रोककर फिर से बातचीत शुरू करने की अपील की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि सभी पक्ष संयम बरतें और बातचीत की मेज पर लौटें। उनका कहना है कि तनाव बढ़ने से किसी का फायदा नहीं होगा। पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र में भारतीय नाविकों से जुड़े कई गंभीर घटनाक्रम सामने आए हैं।

भारत अपने नाविक समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है इसलिए स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने ओमान के तट के पास एक जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी। जायसवाल ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और भारत सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। सरकार इस मामले में सभी आवश्यक कूटनीतिक कदम उठा रही है।

● नीति आयोग की बैठक में बोले पीएम मोदी

# मजबूत और सक्षम युवा ही विकसित भारत के सफर की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत पूरे आत्मविश्वास और पक्के इरादे के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि जैसे-जैसे हम विकसित भारत के सपने की ओर बढ़ रहे हैं, केंद्र और सभी राज्यों की सामूहिक जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है।

**छोटे उद्योगों के लिए खुले वैश्विक रास्ते** – व्यापार को बढ़ावा देने पर बात करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत ने दुनिया के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे भारतीय सामान के निर्यात के लिए नए रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते हमारे छोटे





और मध्यम उद्योगों के लिए एक बड़ा मौका हैं। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाकर वैश्विक बाजारों के लिए खुद को तैयार करना होगा।

**राज्यों के सहयोग से बनेगा विकसित भारत** – इसके अलावा बैठक में पीएम मोदी ने सहकारी संघवाद यानी केंद्र और राज्यों के मिलकर काम करने की भावना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को आपस में बातचीत और सहयोग बढ़ाना चाहिए।

### युवाओं को ऐतिहासिक मौका और रोजगार प्राथमिकता : पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास इस समय युवाओं की सबसे बड़ी आबादी है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक अवसर है जिसे हम किसी भी कीमत पर गंवा नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता युवाओं को बेहतर शिक्षा, बाजार की मांग के हिसाब से हुनर और रोजगार के नए अवसर देना होना चाहिए। पीएम मोदी ने जोर दिया कि मजबूत और सक्षम युवा ही विकसित भारत के सफर की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

### महिला नेतृत्व में विकास सबसे जरूरी

बैठक में पीएम मोदी ने महिला नेतृत्व की बात पर भी खासा जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए महिलाओं का विकास और उनकी भागीदारी सबसे मजबूत स्तंभ है। पीएम मोदी ने कहा कि खेती–किसानी से लेकर स्टार्टअप, विज्ञान और इनोवेशन तक हर क्षेत्र में देश की महिलाएं अपना बड़ा योगदान दे रही हैं। उन्होंने सभी राज्यों से अपील की कि वे महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

## केरलम में निपाह वायरस लौटा, संक्रमित वेंटिलेटर पर

● हॉस्पिटल स्टाफ क्वारंटीन, राज्य में इस साल पहला केस, 8 साल में छठी बार संक्रमण

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस मिला है। इसकी जानकारी गुरुवार को सामने आई। मरीज 43 साल का है और कोझिकोड का रहने वाला है। राज्य सरकार ने रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।



मरीज को हल्का बुखार आने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा, मरीज कई लोगों के संपर्क में आया था। अस्पताल के स्टाफ और उसके संपर्क में आए संभावित लोगों को क्वारंटीन रहने को कहा गया है। फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है।



# बिहार पहुंचा मानसून, 8 दिन में 17 राज्य कवर

### 2-3 दिन में झारखंड-छत्तीसगढ़ पहुंचेगा, यूपी-बिहार में आंधी और बिजली गिरने से 9 की मौत

**पटना/भोपाल/जयपुर/लखनऊ/ (एजेंसी)।** मानसून ने गुरुवार को बिहार में एंट्री कर ली है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी यह आगे बढ़ गया है। 4 जून को केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों तक पहुंच चुका है। अगले 2-3 दिनों इसके में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।

बिहार के 11 जिलों में आज सुबह से आंधी-बारिश हो रही है। खगड़िया में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग झुलस गए हैं। पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में घने बादलों से अंधेरा छा गया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा।



यूपी में आंधी से एक पेट्रोल पंप की छत उड़ गई। चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत भी उड़ गई। बरेली, इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में आंधी-तूफान से 4 लोगों की मौत हुई। पंजाब के मानसा में तेज आंधी के दौरान लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई।

इधर, गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। दिल्ली में खराब मौसम के चलते 2 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट करनी पड़ीं। राजस्थान के कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश हुई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में भी बरसात हुई।

**22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट**– आज 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा शामिल हैं। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है।

# राज्यसभा चुनाव में 14 उम्मीदवार निर्विरोध जीते

● भाजपा से 10, कांग्रेस से 4 चुने गए, जीतने वालों में मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा शामिल



**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ अहमदाबाद (एजेंसी)।** 14 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीत गए। इनके सामने कोई और कैंडिडेट खड़ा नहीं था। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल है।

वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से भाजपा के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है।





वहीं, मध्य प्रदेश से भाजपा के रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट की जीत हुई है। हालांकि, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी थी।

दरअसल, तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया था।

### 12 सीटों पर 18 जून को वोटिंग

अंध्रप्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। यहां कांग्रेस को एक, भाजपा को 8, जेएमएम को दो और टीवीके को एक सीट पर जीत मिल सकती है।

**244 सदस्यों वाली राज्यसभा में एनडीए के पास अभी 149 सांसद**– 244 सदस्यों वाली राज्यसभा में एनडीए के पास अभी 149 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के पास 78 और गैर-गठबंधन वाले क्षेत्रीय दलों के पास 17 सांसद हैं।

### मणिपुर में कुकी समुदाय के 2 लोगों की हत्या

#### 30 घर भी जलाए; एक दिन पहले 6 नगा लोगों के शव मिले थे

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर में गुरुवार सुबह 4 :55 बजे संदिग्ध उग्रवादियों के कुकी समुदाय के 2 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। 30 घरों में आग भी लगा दी गई। घटना कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव की है। एक दिन पहले कांगपोकपी जिले में नगा समुदाय के 6 लोगों के शव बरामद हुए थे। आशंका जताई गई है कि सभी शव उन 6 लोगों के हैं, जिन्हें 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा किया गया था। पुलिस के मुताबिक दोनों की घटनाओं के बाद से इन इलाकों में तनाव का माहौल है। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

# तृणमूल कांग्रेस का संकट गहराया, दीदी को चौथा झटका

● चार दिन में 4 इस्तीफे, कोयल मल्लिक ने भी छोड़ा ममता का साथ



**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पार्टी के भीतर शुरू हुई बगावत विधानसभा से लेकर संसद तक पहुंच चुकी है। गुरुवार को राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक और अभिनेत्री-सांसद कोयल मल्लिक ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही पिछले चार दिनों में राज्यसभा से इस्तीफा देने वाले तृणमूल सांसदों की संख्या चार हो गई है।

**कल्याण बनर्जी का अल्टीमेटम- ममता मुझे चुनें या अभिषेक को**–ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होते नहीं दिख रही हैं। विधायक और सांसद लगातार उनका साथ छोड़ रहे हैं। इस बीच, उनके सबसे करीबी सांसद कल्याण बनर्जी की भी गुरुवार को नाराजगी सामने आई।



उन्होंने कहा कि ममता दीदी को तय करना होगा कि वे मेरे साथ हैं या अभिषेक बनर्जी के साथ। अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वह बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई है। उन्होंने कहा, अगर ममता दीदी को अभिषेक बनर्जी पर ही निर्भर रहना है, तो उनके साथ रहें और मुझे छोड़ दे।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद में घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट, महिला से छेड़खानी का आरोप, हमले का वीडियो वायरल

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र स्थित महम्मदपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट की, लूटपाट की और एक महिला के साथ छेड़खानी व दुर्व्यवहार भी किया। यह घटना 4 जून की बताई जा रही है। दर्जनों की संख्या में पहुंचे आरोपियों ने लाठी और लोहे की रॉड से घर के सदस्यों को घायल कर दिया। इसके बाद वे घर में घुस गए और लूटपाट की। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि इस दौरान घर की एक महिला के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार भी किया गया। इस मामले में पीड़ित आशा देवी के बयान पर महनार थाने में पांच नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्राथमिकी 6 जून को दर्ज की गई थी। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दर्जनों लोग लाठी, डंडे और रॉड लेकर पीड़ित परिवार पर हमला करते दिख रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुट गई है।

### अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर जब्त, हाजीपुर में पुलिस का एक्शन, ड्राइवर मौके से भागा

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर नगर थाना पुलिस ने बुधवार को त्रिमूर्ति चौक के पास छापेमारी कर अवैध बालू से लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने खनन विभाग को सूचित किया। खनन विभाग की टीम नगर थाने पहुंची और दोनों अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों पर जुर्माना लगाया। नगर थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह उन्हें अवैध रूप से बालू ले जाने वाले ट्रैक्टरों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ा। हालांकि, पुलिस कार्रवाई के दौरान चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए। विदित हो कि अवैध रूप से सफेद बालू का खनन जारी है। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को नगर थाने लाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में खनन विभाग को जानकारी दी है। खनन विभाग के अधिकारी अब इन ट्रैक्टरों के कागजातों की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### गंगा आरती, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय हुए शामिल, पीएम मोदी के 12 साल पूरे होने पर मंगल कामना कार्यक्रम

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर स्थित कोनहारा घाट के नमामि गंगे घाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गंगा आरती और मंगल कामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल हुए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गंगा आरती का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा से देश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह, भाजपा वैशाली दक्षिणी के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी, उपसभापति कंचन कुमारी और कार्यापालक पदाधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। नमामि गंगे घाट पर आयोजित इस गंगा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीपों की जगमगाहट ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान देश की उन्नति और समाज के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से भर गया।

### 3 दिन तक बारिश की संभावना, जिले में 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी हवा, मोबाइल पर मिला अलर्ट

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में गुरुवार की सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई, लेकिन करीब 7 बजे के बाद काले बादल छा गए और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली, हालांकि उमस बरकरार रही। इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश की संभावना जताई है। सुबह बारिश शुरू होने से पहले ही मौसम विभाग की ओर से लोगों के मोबाइल फोन पर अलर्ट जारी किया गया। अलर्ट में अगले कुछ घंटों के दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और गरज के साथ बारिश होने की चेतावनी दी गई है। इसके बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला और कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। बुधवार को भी जिले के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई थी। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। हालांकि दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद उमस बढ़ जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सुबह के समय हवा में नमी की मात्रा 85 प्रतिशत और दोपहर में 75 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं वाष्पीकरण की दर सामान्य से लगभग चार गुना अधिक 8.5 मिलीमीटर रही। पूरे दिन पछुआ हवा करीब 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही। पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम विज्ञान केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. ए. सत्तार ने बताया कि मानसून तेजी से उत्तर बिहार की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से जिले में मानसून पूर्व गतिविधियां तेज हो गई हैं और बारिश की संभावना लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं और पछुआ हवा के प्रभाव के कारण वातावरण में नमी अधिक बनी हुई है, जिससे उमस का असर महसूस किया जा रहा है। डॉ. सत्तार ने संभावना जताई कि अगले सप्ताह तक मानसून मुजफ्फरपुर जिले में प्रवेश कर सकता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। ऐसे में बीच-बीच में बारिश होने के बावजूद लोगों को गर्मी और उमस दोनों का सामना करना पड़ सकता है।



### चूल्हे की चिंगारी से गैस सिलेंडर ब्लास्ट, खाना बना रही थी महिलाएं, अगलगी में 4 भाइयों के 2 घर राख

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में खाना बनाते वक्त गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। धमाके में दो घर जल गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, घर शिवनाथ राम, जयकरण राम, नागेंद्र राम और जगुदार राम का था। ये चारों भाई अपने संयुक्त परिवार के साथ इन्हीं दो घरों में रहते थे। घटना के समय घर की महिलाएं खाना बना रही थीं। इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से आग फैल गई। इसी दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। परिजनों की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत पानी और बालू डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग की लपटें काफी तेज थी। ग्रामीणों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। करीब 5 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना करजा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव की है। घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। करजा थाना के थानेदार परमहंस कुमार ने बताया कि प्रतापपुर गांव में आग लगने से 2 घर जल गए हैं। एक सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ था। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और पुलिस प्रशासन मामले में आगे की कार्रवाई कर रहा है।

# बिजली गई तो गायब हो जाता है नेटवर्क, मोबाइल कंपनियों की लापरवाही से परेशान तुरकौलिया और हरसिद्धि के हजारों उपभोक्ता

**बीएनएम@ राकेश कुमार@ मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया और हरसिद्धि प्रखंडों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा की बदहाल स्थिति लोगों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि बिजली आपूर्ति बाधित होते ही अधिकांश क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

**बैटरी बैकअप नहीं, बिजली कटते ही बंद हो जाती हैं सेवाएं-** ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोग जिओ नेटवर्क का उपयोग करते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मोबाइल टावरों पर पर्याप्त बैटरी बैकअप और जेनरेटर की व्यवस्था नहीं होने के कारण बिजली कटते ही कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं बंद हो जाती हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियां, ऑनलाइन भुगतान और आपातकालीन संचार प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय दुकानदार प्रदीप कुमार, राज गुप्ता, असगर अली, सुनील सिंह, प्रकाश कुमार, साजन कुमार, सद्दाम हुसैन, विकास गुप्ता, मुन्ना आलम, राजकुमार गिरी, यदवलाल कुमार, संजय कुमार, संतोष कुमार, रूपेश कुमार और मुकेश कुमार ने बताया कि बिजली जाते ही मोबाइल फोन से कॉल करना और इंटरनेट चलाना लगभग असंभव हो जाता है। कई बार बिजली बहाल होने के बाद भी घंटों तक नेटवर्क सेवा सामान्य नहीं हो पाती। ग्रामीण सतीश कुमार, सत्यम कुमार, हरेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह और चंदन सिंह ने बताया कि लोग हर महीने 5जी सेवा के लिए रिचार्ज कराते हैं, लेकिन बिजली कटते ही 2जी नेटवर्क भी उपलब्ध नहीं रहता। कई बार इनकमिंग कॉल तक बंद हो जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**पत्रकार और व्यवसायी बोले- कामकाज पर पड़ रहा सीधा असर-** हरसिद्धि के पत्रकार मुन्ना तिवारी ने कहा कि डिजिटल युग में संचार व्यवस्था किसी भी क्षेत्र की जीवनरेखा होती है, लेकिन नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण समाचार संकलन और सूचनाओं के आदान-प्रदान में भारी परेशानी होती है। कई बार महत्वपूर्ण खबरों और प्रशासनिक सूचनाओं को समय पर भेजना मुश्किल हो जाता है। वहीं खाद व्यवसायी मुकेश कुशवाहा ने बताया कि नेटवर्क नहीं रहने से ऑनलाइन भुगतान, बैंकिंग कार्य और कृषि से जुड़े डिजिटल पोर्टल पर काम प्रभावित होता है। ग्राहकों को भी भुगतान करने में परेशानी होती है, जिससे व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



**पुलिस-प्रशासन भी परेशान, कंपनियों से सुधार की मांग-** नेटवर्क संकट का असर सरकारी कार्यालयों पर भी पड़ रहा है। थाना, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, ई-किसान भवन और बीआरसी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी संचार बाधित होने से परेशान हैं। तुरकौलिया थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण पुलिस कार्य प्रभावित हो रहा है। कई बार जरूरी सूचनाएं समय पर प्राप्त नहीं हो पातीं। उन्होंने कहा कि लोग भी शिकायत करते हैं कि पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबरों पर संपर्क नहीं हो पाता। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष राज ने बताया कि नेटवर्क समस्या के कारण प्रखंड कर्मियों से संपर्क स्थापित करने में कठिनाई होती है, जिससे सरकारी कार्यों के निष्पादन में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों ने मोबाइल कंपनियों से टावरों पर पर्याप्त बैटरी बैकअप, यूपीएस एवं जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने, नेटवर्क फॉल्ट के त्वरित समाधान के लिए स्थानीय तकनीशियन नियुक्त करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा गुणवत्ता सुधारने की मांग की है। साथ ही बिजली विभाग से निर्बाध विद्युत आपूर्ति और कटौती की पूर्व सूचना देने की भी अपील की गई है।


**टावरों की बिजली व्यवस्था और विभागीय भूमिका की जांच की उठी मांग-** ग्रामीणों ने पूरे मामले में बिजली विभाग और मोबाइल टावर संचालक कंपनियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी उठाई है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगे कई मोबाइल टावरों में न तो पर्याप्त बैटरी बैकअप दिखाई देता है और न ही जेनरेटर की व्यवस्था नजर आती है। ऐसे में यह जांच आवश्यक है कि संबंधित टावरों को बिजली कनेक्शन किस प्रकार उपलब्ध कराया गया है और वे निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थानीय बिजली विभाग के कनीय अभियंता (जेई) तथा टावर संचालित करने वाली कंपनियों की कार्यप्रणाली की भी जांच की जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं नियमों की अनदेखी कर बिजली आपूर्ति या अन्य व्यवस्थाओं का संचालन तो नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि निष्पक्ष जांच से वास्तविक स्थिति सामने आएगी और उपभोक्ताओं को बेहतर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।

## दिल्ली में 3 घंटे चली कांग्रेस की बैठक हर राज्य में पार्टी चलाएगी नेशनल कैंपन

**एजेंसी, पटना**

दिल्ली में आज कांग्रेस की बैठक करीब 3 घंटे तक चली। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जानकारी दी की कांग्रेस पार्टी देशभर में नेशनल कैंपन चलाएगी, जो कि राज्य के साथ ही जिला और ब्लॉक लेवल में भी चलेगी। महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक को लेकर ये कैंपेन चलाया जाएगा। इस कैंपेन में कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। आने वाले दो-तीन दिनों में इसका पूरा शेड्यूल तैयार किया जाएगा। जून महीने के अंत तक कैंपेन की शुरुआत की जाएगी।

**कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी जानकारी:** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसकी जानकारी देते हुए 'एक्स' पर लिखा कि, "मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए 11 जून 2026 को 'इंदिरा भवन' में कांग्रेस महासचिवों,



**जल्द तैयार होगा शेड्यूल**

प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे।" बिहार में संगठन सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस लगातार बैठकें कर रही है। राजेश राम की अध्यक्षता में सभी पर्यवेक्षकों, कनेक्ट सेंटर से जुड़े पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ मीटिंग हुई। सभी 53 सांगठनिक जिलों के जिलाध्यक्षों का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया गया था। इसके साथ ही बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के गठन को लेकर भी बात कही गई थी।

## 'बांकीपुर में सम्राट चौधरी के खिलाफ जनता लेगी फैसला'

**एजेंसी, पटना**

बिहार की राजनीति में इन दिनों बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने और जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तीखा हमला बोला। किशोर ने न केवल मुख्यमंत्री के प्रशासनिक ज्ञान पर तंज कसा, बल्कि बांकीपुर की जनता को यह याद दिलाया कि उनके पास ईवीएम (EVM) के जरिए दिल्ली और गुजरात में बैठे आकाओं को संदेश भेजने की ताकत है।

**'मोदी जी फोन नहीं करेंगे, आपको बटन दबाना होगा':** बांकीपुर की जनता से सीधा संवाद करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि बहुत गलत आदमी को मुख्यमंत्री बना दिया गया है और लोग काफी नाराज हैं। जब मैं पूछता हूं कि क्या मोदी जी आपको फोन करेंगे, तो लोग कहते हैं कि सम्राट चौधरी को मोदी और अमित शाह ने बनाया है, हमने थोड़ी वोट दिया था।

**ईवीएम की ताकत से दें जवाब:** मोदी जी न पहले फोन किए थे, न आगे कभी करेंगे, लेकिन आपके पास वह ताकत है। जब आप मतदान करने जाएं, तो ईवीएम पर वह बटन दबाइए और भाजपा को हराइए। बांकीपुर की जनता जब हराएगी, तो मोदी जी के कान में एकदम सुनाई देगा कि यहां की जनता सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाने के निर्णय से सहमत नहीं है।




**प्रशांत किशोर का क्या होगा, देखा जाएगा:** प्रशांत किशोर ने कहा कि कोई जरूरी नहीं है कि आप प्रशांत किशोर को ही जिताएं या बताएं, लेकिन अगर आप भाजपा को हराएंगे तो आपको बेहतर मुख्यमंत्री मिल जाएगा। अगर नहीं हराइएगा, तो अपने वोट से आप खुद मुहर लगा देंगे कि जिसे मोदी-शाह ने कुर्सी पर बिठाया, वह सही आदमी है।

**फिजिक्स की यूनिवर्सिटी पर तंज:** प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के एक हालिया

### प्रशांत किशोर ने दी चुनौती, कहा- भाजपा की हार से मोदी और अमित शाह तक जाएगा संदेश

बयान पर जमकर चुटकी ली, जिसमें उन्होंने बिहार में फिजिक्स (भौतिकी) की यूनिवर्सिटी बनाने की बात कही थी। प्रशांत किशोर ने कहा कि गूगल पर सर्च मारकर देख लीजिए, दुनिया में कहीं भी फिजिक्स की यूनिवर्सिटी नहीं है। फिजिक्स एक सब्जेक्ट है, उसका विभाग हो सकता है, इंस्टिट्यूट हो सकता है, लेकिन पूरी यूनिवर्सिटी नहीं हो सकती। किसी अधिकारी ने कह दिया होगा कि सब यूनिवर्सिटी तो गुजरात में बन रही है, तो सम्राट चौधरी ने जोश में आकर कह दिया कि हमारे यहाँ फिजिक्स और केमिस्ट्री की यूनिवर्सिटी बनेगी।

**बिहार की दुर्दशा और मतदाताओं की सोच:** उन्होंने कहा कि इसी वजह से लोग बिहारियों पर हंसते हैं। बिहार की यह दुर्दशा इसलिए है क्योंकि यहाँ हम शर्ट के ऊपर गंजी (बनयान) पहनने वाले को ही 'जमीनी नेता' मान लेते हैं। अगर कोई पढ़ा-लिखा, प्रबुद्ध आदमी आपके सामने आकर खड़ा हो जाए, तो लोग उसपर हंसने लगते हैं।

## यह मेरा नहीं बल्कि बिहार के लोकगीतों का सम्मानः मनीषा श्रीवास्तव

**एजेंसी, पटना**

सुप्रसिद्ध लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव को संगीत नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2025 देने की घोषणा हुई है। यह बिहार के लिए गौरव का विषय है।

इस सम्बन्ध में हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि बिहार की लोकगीतों, लोक संस्कृति के साथ-साथ उन तमाम कलाकारों का है, जो मेरी तरह बिहार के परम्परागत विषयों को आगे बढ़ाने के साथ साथ उसको सहेजने एवं संवारने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस सम्मान को अपने बड़े बुजुर्गों, गुरुजनों, साथियों को समर्पित करती हूँ। जिन्होंने मुझे हर समय प्रोत्साहन भरे शब्दों से सराहा तथा निरंतर बेहतरीन कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।



मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि उनका जीवन लोक संगीत को समर्पित है। उन्होंने अबतक भोजपुरी के अलावे मैथिली, अवधी, हिंदी एवं संस्कृत भाषाओं में गीत गाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी तैयारी बिहार की अन्य भाषाओं, अंगिका, बज्जिका एवं मगही की लोकगीतों को भी गाने की चल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सभी भाषाएँ मां समान हैं और उन सभी भाषाओं में अगर अच्छे लोकगीत हैं, लोक संगीत है तो उसे उसका सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि लोकगीतों के साथ साथ बिहार के सांस्कृतिक विरासत समेत धरहोरों के ऊपर काम कर रही हैं। बाबू वीर कुँवर सिंह की जीवनी गीत, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी गीत, प्रधानमंत्री के मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के आह्वान को प्रेरित करता मिलेट्स गीत तथा बेटी बाचाओ एवं बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थक बनाने हेतु बेटियों के ऊपर अलग-अलग विषय को लेकर गीत गा चुकी हैं। आने वाले वर्षों में बिहार के अन्य धरोहरों पर आपको गीत सुनने को मिलेंगे।

मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि शुरु से अपना अलग राह बनाकर चलती रही हूँ। मैंने बाजार के अधीन खुद को नहीं किया, बल्कि बाजार में बजने वाले गीतों के समकक्ष श्लील गीतों का एक समानांतर लकीर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि संगीत नाटक अकादमी से मिला सम्मान उन्हें नई ऊर्जा देगा।

## पटना में गिग वर्कर्स के लिए बन रहे एसी लाउंज

**एजेंसी, पटना**

पटना में डिलीवरी बॉयज, कूरियर बॉयज, ऑटो और बाइक राइडर्स को जल्द ही गर्मी से राहत मिलेगी। पटना नगर निगम द्वारा गिग वर्कर्स के लिए शहर में दो एसी लाउंज तैयार किए जा रहे हैं। गांधी मैदान गेट नंबर- 4 और इनकम टैक्स गोलंबर के पास इसका निर्माण हो रहा है। चेन्नई के तर्ज पर इस प्री-फैब्रिकेटेड एसी लाउंज को बनाया जा रहा है, जहां आम लोग भी आराम कर सकेंगे। पिछले महीने ही नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने इसके निर्माण के निर्देश दिए थे।

**एक साथ करीब 15 लोगों के बैठने की व्यवस्था:** इन लाउंज में एक साथ करीब 15 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। दोनों लाउंज में 30 लोग बैठ सकेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देश पर शुरू की



गयी इस योजना का निर्माण कार्य पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

इन दोनों आश्रय स्थलों का मुख्य ढांचा तैयार हो चुका है और वर्तमान में फिनिशिंग का काम चल रहा है। अगले चार दिनों में यानी रविवार तक बुनियादी ढांचा पूरी तरह तैयार कर लिया जायेगा, जिसके बाद एसी लगाने और कुर्सियां बिछाने का काम पूरा होगा। 15 जून से इसे आम जनता और गिग वर्कर्स के लिए खोल दिया जाएगा।

## 100 एकड़ में 574 करोड़ से बनेगा डुमरी स्पोर्ट्स सिटी

**एजेंसी, पटना**

बिहार में 100 एकड़ में डुमरी स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण होगा। इस परियोजना में 574 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसका प्रस्ताव जिला पदाधिकारी और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पटना को भेजा जा चुका है। इस प्रोजेक्ट के बेहतर इमप्लिमेंटेशन के लिए दो अलग-अलग टीमों द्वारा अहमदाबाद और ओडिशा के खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडलों का अध्ययन किया गया है। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने आज खेल विभाग की समीक्षा बैठक की।

**डुमरी स्पोर्ट्स सिटी बिहार के खेल विकास का नया केंद्रः** खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि, डुमरी स्पोर्ट्स सिटी बिहार के खेल विकास का नया केंद्र बनेगी। भविष्य में इसके आसपास खेल, प्रशिक्षण, खेल उद्योग और अन्य सहायक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं विकसित होंगी। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अरवल, मधेपुरा और किशनगंज डिस्ट्रिक्ट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस संचालन 15 जून से शुरू कर दिया जाएगा। इन केंद्रों में कबड्डी, बैडमिंटन और ताइक्वांडो खेलों का आवासीय प्रशिक्षण संचालित होगा। इसके अतिरिक्त सिवान, मुंगेर और जमुई में फुटबॉल खेल के उत्कृष्टता केंद्र विकसित किए जाएंगे।

**खिलाड़ियों का चयन, प्रशिक्षकों की पहचान पूरीः** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने बताया कि, 'इन केंद्रों के लिए खिलाड़ियों का चयन और प्रशिक्षकों की पहचान पूरी कर ली गई है। उन केंद्रों का संचालन प्रारंभ करने की सभी तैयारियां पूरी हैं।' खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि, 'डिस्ट्रिक्ट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के माध्यम से ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों




की प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।' विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि 30 सितंबर 2026 तक राज्य के सभी डिस्ट्रिक्ट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस पूर्ण रूप से क्रियाशील हो जाएं।

**BCCI के सेलेक्टेड बिहारी खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरीः** इस बैठक में पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत स्पोर्ट्स क्लबों के सक्रियकरण की समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में खिलाड़ियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि ओलंपिक पदक विजेताओं के साथ-साथ BCCI द्वारा चयनित भारतीय पुरुष और महिला वरिष्ठ क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भी सामान्य प्रशासन विभाग एवं खेल विभाग की "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना के अंतर्गत शामिल किया जाए। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर ऐसे खिलाड़ियों को लेवल-9 की सरकारी नौकरियों का लाभ मिल सकेगा।

### बीसीसीआई से सेलेक्टेड बिहारी खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने की समीक्षा

**राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी सीरीज का आयोजनः** राज्य के खेल कैलेंडर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवंबर 2026 में राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी सीरीज का आयोजन प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त जुलाई-अगस्त 2026 में खेलो इंडिया अस्मिता जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता, 7 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस तथा दिसंबर 2026 में एफआईएच प्रो लीग के आयोजन की तैयारियां भी चल रही हैं।

**निर्माण कार्य में विलंब पर एजेंसी पर होगी कार्रवाईः** प्रगति यात्रा के अंतर्गत स्वीकृत खेल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि, 'जिन एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब किया जाएगा, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बिहार सरकार की प्रस्तावित स्पोर्ट्स एक्शन प्लान पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसे मुख्यमंत्री के माध्यम से नीति आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

खेल विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि, 'राज्य में 4,818 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की नियुक्ति और पदस्थापना की जा चुकी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लगभग 17,000 शिक्षकों को विद्यालयी बच्चों के लिए आयु-उपयुक्त योग प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।' उन्होंने आगे बताया कि, 'प्रस्तावित स्पोर्ट्स एक्शन प्लान में विद्यालयों के लिए फिजिकल लिटरेसी रिपोर्ट कार्ड, वैज्ञानिक प्रतिभा पहचान कार्यक्रम, प्रशिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के प्रमाणन कार्यक्रम, फिट कैंपस चैलेंज, खिलाड़ियों एवं बच्चों के लिए एकीकृत वेलनेस पोर्टल, खेल विनिर्माण हब तथा डोपिंग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जैसी पहल शामिल हैं।'

# 14 व 17 जून को सिपाही भर्ती परीक्षा, स्वच्छ व कदाचारमुक्त संचालन की तैयारी पूरी

**बीएनएम@ मोतिहारी।**

मध निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) तथा परिवहन विभाग में सिपाही के पद पर चयन के लिए लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 14 एवं 17 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों दिनों में परीक्षा दो-दो पालियों में आयोजित होगी तथा प्रत्येक पाली में 8,736 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रथम पाली के लिए अभ्यर्थियों का प्रवेश



सुबह 8 बजे से शुरू होगा और 9 बजे के बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं दूसरी पाली के लिए प्रवेश दोपहर 1 बजे से होगा तथा 2 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

अपर समाहर्ता ने सभी केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, जैमर, घड़ी, पेयजल, बिजली एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

परीक्षार्थियों की तीन चरणों में सघन जांच की जाएगी। प्रवेश के समय, परीक्षा केंद्र के भीतर तथा परीक्षा कक्ष में अलग-अलग स्तर पर फ्रीस्किंग होगी। अभ्यर्थियों को केवल प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। पेन परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराया जाएगा। मोबाइल फोन, घड़ी, इरेज़र, शार्पनर एवं किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

ड्यूटी पर तैनात कर्मियों, पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को भी मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में स्थित फोटोस्टेट एवं साइबर कैफे की दुकानों को परीक्षा अवधि के दौरान बंद रखने का आदेश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों में मीडिया के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।

परीक्षा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो दूरभाष संख्या 06252-242418 पर परीक्षा के दिन कार्यरत रहेगा। संयुक्त ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) मो. शिबगतुल्लाह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा नित्याम कुमार गौरव सहित सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

# रामगढ़वा में गर्ल्स हाई स्कूल रोड पर जलजमाव से लोगों का जीना मुहाल, मकानों पर मंडरा रहा खतरा

**बीएनएम@ रामगढ़वा।**

रामगढ़वा प्रखंड के वार्ड संख्या 12 स्थित गर्ल्स हाई स्कूल रोड इन दिनों भीषण जलजमाव की समस्या से जूझ रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर जमा गंदा पानी अब लोगों के घरों में प्रवेश करने लगा है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार जलजमाव से मकानों की नींव कमजोर पड़ रही है और कई घरों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। आदित्य कुमार, रमाशंकर प्रसाद, जीशान, मोहनलाल और रौशन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है तथा उनके घर अब असुरक्षित महसूस होने लगे हैं। यह सड़क क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक एवं व्यावसायिक केंद्रों में से एक है। इसी मार्ग पर प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान 'क्रिएशन गुरुकुल', कई कोचिंग सेंटर तथा विभिन्न कंपनियों की एजेंसियां संचालित हैं। जलजमाव के कारण छात्रों, अभिभावकों और ग्राहकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। **ग्रामीणों ने बताया कि गंदे पानी और फैली गंदगी के कारण सांप तथा अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के घरों में प्रवेश करने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे लोगों में भय का माहौल है।**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।



उनका कहना है कि कई अधिकारी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सामान्य जनजीवन बहाल हो सके।

# विश्व योगासन चैम्पियनशिप में बेतिया के सारांश कुमार ने जीता स्वर्ण, बढ़ाया बिहार का मान

**बीएनएम@ बेतिया।**

पश्चिम चंपारण के योगापट्टी प्रखंड निवासी सारांश कुमार ने प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर बिहार और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गुजरात के अहमदाबाद स्थित ट्रांसस्टेडिया के ईका एरिना में आयोजित इस प्रतियोगिता में सारांश ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रिदमिक पेयर योगासन स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

सारांश कुमार, पिता जितेंद्र राम एवं माता रुना देवी के पुत्र हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे चंपारण और बिहार में खुशी का माहौल है। 4 से 8 जून 2026 तक आयोजित इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में 78 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानमंत्री Narendra Modi ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री Mansukh Mandaviya, गुजरात के मुख्यमंत्री Bhupendra Patel, Swami Ramdev सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 102 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक समेत कुल 114 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी दल के सदस्य सारांश कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर बिहार को विश्व योगासन के मंच पर नई पहचान दिलाई।

सारांश की सफलता के पीछे उनके प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय योगासन जज पवन कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पवन कुमार, पश्चिम चंपारण योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव हैं और लंबे समय से जिले में योग शिक्षा एवं योगासन खेल के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इस उपलब्धि में बिहार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की भूमिका भी सराहनीय रही है। राज्य स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों का ही परिणाम है कि बिहार के खिलाड़ी आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद सारांश कुमार ने कहा कि इस सफलता का श्रेय उनके माता-पिता, गुरु पवन कुमार, विद्यालय तथा योग स्पोर्ट्स एकेडमी, बेतिया को जाता है। उन्होंने अपना पदक अपने गुरु, माता-पिता, चंपारण, बिहार और देश को समर्पित किया। सारांश की इस उपलब्धि पर लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन कुंदन शांडिल्य, आलोक भारती शिक्षण संस्थान की प्रधानाध्यापिका कविता कृष्ण समेत अनेक शिक्षाविदों, खेल प्रेमियों और जिलेवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# डीएलआरएसी एवं डीएलसीसी की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न, वित्तीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**बीएनएम@ मोतिहारी।**

शहर के समाहरणालय परिसर स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरएसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलसीसी) की वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ तिमाही (मार्च 2026) की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) राजेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा आगत अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। उक्त बैठक में मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय, उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि (बेतिया) प्रदीप सर्राफ, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, नाबार्ड के डीडीएम



आनन्द अतिरेक, आरबीआई के एलडीओ संदीप कुमार, सेंट्रल बैंक आरसेटी के निदेशक बिपिन कुमार, जीविका प्रतिनिधि राजू कुमार सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वार्षिक ऋण योजना की चतुर्थ तिमाही की उपलब्धियों, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), जिला साख योजना, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि योजना, महिला स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, आरसेटी की उपलब्धियों, बचत खाता, मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के क्लेम निपटान तथा अटल पेंशन योजना समेत विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर विधायक राणा रणधीर सिंह ने बैंकों द्वारा जारी नवीन केसीसी की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि पात्र आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाएं ऐसी हों जिससे आम नागरिकों को बिना किसी सिफारिश अथवा बिचौलियों के सहज एवं पारदर्शी तरीके से लाभ प्राप्त हो तथा उन्हें अनावश्यक रूप से बैंक के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने आगामी 17 एवं 18 जून को प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों में अधिकाधिक ऋण आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। इस पर एलडीएम राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने आश्वस्त किया कि शिविरों में बैंकों की सक्रिय एवं व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की विशेष समीक्षा हेतु अलग से बैठक आयोजित करने का निर्देश एसडीसी बैंकिंग को दिया, ताकि योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाई जा सके। बैठक के अंत में अध्यक्ष की अनुमति से एलडीएम राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में 220 से अधिक कर्मियों का स्थानांतरण, 18 जून तक योगदान का निर्देश

**बीएनएम@ मोतिहारी।** जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण ने राजस्व एवं लोक शिकायत निवारण सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय संवर्ग के विभिन्न श्रेणियों के कर्मियों का व्यापक स्तर पर स्थानांतरण किया है। इस संबंध में गुरुवार को समाहरणालय द्वारा आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार डाटा इंट्री ऑपरेटर (सीएलआर) के 23, डाटा इंट्री ऑपरेटर (एमआरआर) के 49, आईटी सहायक (आरटीपीएस) के 28, कार्यपालक सहायक/डाटा इंट्री ऑपरेटर (आरटीपीएस) के 93 तथा कार्यपालक सहायक/डाटा इंट्री ऑपरेटर (लोक शिकायत निवारण केंद्र-पीजीआरओ) के 27 कर्मियों का जिले के विभिन्न अंचल कार्यालयों, अनुमंडल कार्यालयों एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में स्थानांतरण किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार कुल 220 से अधिक कर्मियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस कदम का उद्देश्य भूमि अभिलेख, राजस्व सेवाओं, आरटीपीएस के अंतर्गत प्रमाण-पत्र निर्गमन तथा लोक शिकायत निवारण जैसी महत्वपूर्ण जनसेवाओं में कार्यरत कर्मियों की लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापना की व्यवस्था को समाप्त कर प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता लाना है। स्थानांतरित सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे 18 जून 2026 तक अपने वर्तमान कार्यालय का प्रभार विधिवत हस्तांतरित कर नए पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं देने वाले कर्मियों को स्वतः विरमित माना जाएगा तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जुलाई 2026 से संबंधित कर्मियों के वेतन एवं अन्य देयकों का भुगतान उनके नए पदस्थापन कार्यालय से किया जाएगा। साथ ही पूर्व में जारी सभी प्रतिनियुक्तियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। जिला प्रशासन ने सभी कार्यालय प्रधानों को प्रभार आदान-प्रदान की प्रक्रिया का अनुश्रवण कर आदेश का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

### पांच हजार रुपये का इनामी शराब कारोबारी गिरफ्तार



**बीएनएम@ हरसिद्धि।** हरसिद्धि पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपये के इनामी शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दामोवृति निवासी चुमन सहनी, पिता राजा सहनी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि चुमन सहनी लंबे समय से पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में कुल आठ मामले दर्ज हैं। लगातार फरार रहने के कारण उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को पुलिस टीम ने दामोवृति क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में दरोगा अविनाश कुमार, बनाफल अक्षय, अंकित कुमार एवं प्रीतम कुमार की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# अवैध संबंध के विवाद में युवक की हत्या; तीन आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ रामगढ़वा।**

रामगढ़वा प्रखंड के पचभीड़िया गांव में 23 मई को हुई अर्जुन पंडित की हत्या के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में शामिल तीन लोगों को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पचभीड़िया गांव निवासी धनेश महतो (30 वर्ष), रूपेश कुमार (21 वर्ष) एवं राजेश यादव (35 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में हत्या के पीछे अवैध संबंध का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी धनेश महतो की पत्नी और मृतक अर्जुन पंडित के बीच कथित अवैध



संबंध होने की जानकारी मिलने के बाद धनेश महतो काफी नाराज था। इसी रंजिश में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अर्जुन पंडित की हत्या की साजिश रची। जांच में यह भी सामने आया कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने 'फाइटर' नामक लोहे के घातक हथियार का इस्तेमाल किया। योजनाबद्ध तरीके से अर्जुन पंडित पर हमला कर उस पर लगातार वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले के खुलासे में रामगढ़वा थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह, अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार तथा एसआई प्रिया कुमारी की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर मामले का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हत्याकांड के खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# अरेराजः उत्पाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 लीटर चुलाई शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**बीएनएम@ अरेराज।**

पूर्वी चंपारण जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उत्पाद विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में अरेराज उत्पाद थाना की टीम ने हरसिद्धि थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग को हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा गांव में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम ने भादा गांव के वार्ड संख्या-06 में छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के घर के पीछे से 4 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर जब्त कर ली। इसके बाद मौके से ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।




गिरफ्तार आरोपी की पहचान भादा गांव निवासी स्वर्गीय बंसी महतो के पुत्र उपेंद्र महतो (50 वर्ष) के रूप में हुई है। उत्पाद विभाग ने आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस छापेमारी अभियान में एएसआई अजीत कुमार सिंह, उत्पाद सिपाही आकाश राज, मंतोष कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी तथा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महमदा में हनुमान चालीसा पाठ, हवन व कन्यादान का आयोजन

**बीएनएम@चिरैया।**

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चिरैया विधानसभा क्षेत्र के महमदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, पूजन, भव्य आरती एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र के निरंतर विकास की कामना की। श्रद्धालुओं ने देश की समृद्धि, जनकल्याण और भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकार का भी परिचय दिया गया।



क्षेत्र की एक गरीब एवं जरूरतमंद बेटी के विवाह में कन्यादान कर उसे अंगवस्त्र एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही नवदंपति के सुखद, सफल एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की गई। इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सेवा, संस्कार और जनकल्याण की भावना ही समाज को आगे बढ़ाने का आधार है तथा इसी उद्देश्य के साथ जनसेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा। धार्मिक वातावरण, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर हवन-पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# बेतिया नगर निगम के कनीय अभियंता पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच के लिए पटना से पहुंची तीन सदस्यीय टीम

**बीएनएम@ बेतिया।**

बेतिया नगर निगम के कनीय अभियंता सुजय सुमन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए पटना से तीन सदस्यीय जांच टीम बेतिया पहुंची। टीम के नगर निगम कार्यालय पहुंचते ही प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई और कार्यालय में दिनभर जांच-पड़ताल का दौर चलता रहा।

जांच टीम ने कनीय अभियंता सुजय सुमन से विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की तथा कई महत्वपूर्ण फाइलों और दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान बेतिया नगर निगम की उपमहापौर गायत्री देवी भी मौजूद रहीं। उन्होंने ही कनीय अभियंता पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं।

उपमहापौर का आरोप है कि सुजय सुमन की नियुक्ति नियमों के अनुरूप नहीं हुई थी। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि वे लंबे समय से बेतिया नगर निगम में पदस्थापित हैं, जिसकी भी जांच आवश्यक है।



जांच टीम के सदस्यों ने बताया कि मामले से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों और अभिलेखों को अपने साथ ले जाया जा रहा है। इनकी विस्तृत जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता और आगे की कार्रवाई को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

**हालांकि, जांच पूरी होने तक आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब सभी की नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है, जिसके आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई तय की जाएगी।**

# नंहकार गांव के रोचित सिंह ने बढ़ाया मान, फ्लिपकार्ट में चयन से चमका पताही का नाम





- महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दो एमबीए छात्रों को मिली देश की अग्रणी ई-कॉमर्स कंपनी में नौकरी, रोचित की सफलता बनी ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा

बीएनएम@ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण के पताही प्रखंड स्थित नंहकार गांव के युवा रोचित सिंह ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी के प्रबंधन विज्ञान विभाग के एमबीए सत्र 2024-26 के छात्र रोचित सिंह का देश की अग्रणी ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में चयन हुआ है। उनके साथ विभाग के एक अन्य छात्र सनी श्रॉफ ने भी इस प्रतिष्ठित अवसर को हासिल किया है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की कंपनी में स्थान बनाना रोचित की लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम माना जा रहा है। रोचित पताही के नंहकार गांव के निवासी हैं। उनके पिता मधुसूदन सिंह लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र से जुड़े रहे हैं, जिसके कारण घर में शिक्षा और अनुशासन का वातावरण रहा। इसी प्रेरणा ने रोचित को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए लगातार मेहनत करने की शक्ति दी। जानकारी के अनुसार फ्लिपकार्ट की चयन प्रक्रिया छह चरणों में संपन्न हुई, जिसमें देशभर के हजारों अभ्यर्थियों ने भाग लिया। रोचित सिंह और सनी श्रॉफ ने प्रत्येक चरण में अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता, संचार कौशल, नेतृत्व गुण तथा समस्या समाधान की दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतिम चयन सूची में स्थान बनाया। प्रबंधन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सपना सुगंधा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि फ्लिपकार्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में चयन विभाग और विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और विभाग द्वारा प्रदान किए जा रहे उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन और विभाग के संकाय सदस्यों ने भी दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रोचित सिंह की सफलता विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह साबित करती है कि समर्पण, सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। रोचित की इस उपलब्धि से नंहकार गांव में खुशी का माहौल है और स्थानीय लोग इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण मान रहे हैं।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, तीन परिवारों का घर और सामान जलकर राख

बीएनएम@ सुधांशु कुमार , बनकटवा।



बनकटवा प्रखंड के बनकटवा पंचायत अंतर्गत सेमरी बाजार में गुरुवार की शाम बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में तीन परिवारों का घर और उसमें रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, आग सबसे पहले एक घर में लगी और देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर भिखारी साह, शंकर साह और सुरेंद्र साह के घर पूरी तरह जल गए। घरों में रखा घरेलू सामान, कपड़े, अनाज, फर्नीचर तथा अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी आग में नष्ट हो गईं। पीड़ित परिवारों के अनुसार, आग लगने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत और सामूहिक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते ग्रामीणों की सक्रियता से आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

घटना स्थल पर पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रभान मिश्रा, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य उमाकांत प्रसाद तथा वार्ड सदस्य मोहम्मद भोला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आग पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री, आर्थिक सहायता तथा सरकारी मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। घटना के बाद प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, कपड़ा और अन्य जरूरी जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र सहायता पहुंचाने की अपील की है।

## आर्केस्ट्रा में हथियार लहराना पड़ा महंगा, युवक को दो वर्ष की सश्रम कारावास

**बीएनएम@मोतिहारी।** आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में पिस्टल लहराने और अवैध हथियार रखने के मामले में प्रथम अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रसेनजीत सिंह की अदालत ने एक अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त तीन माह की सजा भुगतनी होगी। दोषी की पहचान गोविंदगंज थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी सुरेश ठाकुर के पुत्र नंदन कुमार के रूप में हुई है। मामले के अनुसार, गोविंदगंज थाना के तत्कालीन पुअनि वीरेंद्र कुमार द्वारा दर्ज गोविंदगंज थाना कांड संख्या 396/2024 में कहा गया था कि 17 नवंबर 2024 को फेसबुक पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक आर्केस्ट्रा में महिला डांसर के साथ पिस्टल लहराते हुए दिखाई दे रहा था। वायरल वीडियो के आधार पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की और वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान की गई। इसके बाद उसके घर पर छापेमारी की गई, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके बिस्तर से एक मोबाइल फोन तथा तकिए के नीचे छिपाकर रखा गया एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा जब मोबाइल फोन की जांच की गई तो उसमें वायरल वीडियो का फुटेज भी मिला, जिससे मामले की पुष्टि हुई। वाद संख्या 2000/2025 के विचारण के दौरान लोक अभियोजन पदाधिकारी संजीव कुमार वर्मा ने अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को आर्म्स एक्ट की दो धाराओं में दोषी करार देते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

## थानों को गोद लेकर पुलिसिंग मजबूत करेगी मोतिहारी पुलिस, एसपी समेत 12 अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**मोतिहारी।** जिले में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से मोतिहारी पुलिस ने नई पहल शुरू की है। बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा "गोद" लिया गया है। इसके तहत संबंधित अधिकारी अपने-अपने आवंटित थानों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी और समीक्षा करेंगे। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाना, जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना तथा पुलिस कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाना है। साथ ही इससे पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और आम लोगों का पुलिस पर भरोसा भी मजबूत होगा। नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने-अपने थानों में लंबित मामलों, कानून-व्यवस्था की स्थिति, अनुसंधान कार्यों तथा प्रशासनिक गतिविधियों की नियमित समीक्षा करेंगे। आवश्यकतानुसार संबंधित थानों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार पुलिस अधीक्षक को नगर थाना, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) को संग्रामपुर थाना, एसडीपीओ सदर-01 को तुरकौलिया थाना, एसडीपीओ सदर-02 को मुफस्सिल थाना, एसडीपीओ पकड़ीदयाल को ढाका थाना तथा एसडीपीओ पिपरा कोठी/पकड़ीदयाल को मधुबन थाना की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार एसडीपीओ चकिया को चकिया थाना, एसडीपीओ अरेराज को हरसिद्धि थाना, एसडीपीओ रक्सौल को रक्सौल थाना, डीएसपी मुख्यालय को बंजरिया थाना, डीएसपी यातायात को सुगौली थाना तथा डीएसपी साइबर क्राइम को केसरिया थाना की निगरानी सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से थानों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

## यूरिया की कालाबाजारी पर कृषि विभाग का शिकंजा, खाद दुकान का लाइसेंस निलंबित

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण में यूरिया की कालाबाजारी के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चकिया प्रखंड स्थित मेसर्स हार्दिक कृषि केंद्र की उर्वरक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। जांच में प्रतिष्ठान पर यूरिया की अवैध बिक्री एवं उर्वरक नियंत्रण संबंधी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। जानकारी के अनुसार, 5 जून 2026 को जिला कृषि विभाग की टीम ने उक्त दुकान पर औचक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। विभाग को वितरण पंजी में यूरिया बिक्री का पूरा ब्योरा नहीं मिला और 10 बोरा से अधिक यूरिया के वितरण का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। जांच के दौरान जिन किसानों के नाम पर यूरिया बिक्री दर्शाई गई थी, उनके सत्यापन में भी गड़बड़ी सामने आई। कई मोबाइल नंबर गलत या बंद पाए गए, जिससे फर्जी बिक्री और कालाबाजारी की आशंका को बल मिला। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 22 मार्च 2026 से यूरिया की सामान्य बिक्री पर रोक है। केवल उर्वरक समन्वयकों की अनुशंसा पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसके बावजूद संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा नियमों की अनदेखी कर खाद की बिक्री की गई, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का गंभीर उल्लंघन है। विभाग ने दुकान संचालक सुबोध कुमार यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को आदेश दिया गया है कि निलंबन अवधि के दौरान उक्त प्रतिष्ठान को किसी भी प्रकार की खाद की आपूर्ति नहीं की जाए। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ करने वाले और उर्वरकों की कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत 53 कार्यालय परिचारियों को मिली प्रोन्नति

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत कार्यरत 53 कार्यालय परिचारियों को प्रोन्नति प्रदान की गई है। यह प्रोन्नति अस्थायी स्थापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत उच्चतर पदों पर प्रभार देकर की गई है। प्रोन्नति के तहत पांच कार्यालय परिचारियों को निम्न वर्गीय लिपिक, सात कर्मियों को कार्यालय परिचारी कोटि-1, अठारह कर्मियों को कार्यालय परिचारी कोटि-2 तथा तेईस कर्मियों को कार्यालय परिचारी कोटि-3 के पद पर प्रभार दिया गया है। प्रोन्नति की सूचना मिलते ही संबंधित कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कर्मियों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय उनके मनोबल को बढ़ाने वाला है। कर्मचारियों का मानना है कि इस पहल से प्रशासनिक कार्यों में और अधिक दक्षता आएगी तथा बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## ई-रिक्शा खरीदार को मिला न्याय, उपभोक्ता आयोग ने एजेंसी पर लगाया 1.90 लाख रुपये का जुर्माना

बीएनएम@ मोतिहारी।

सेवा में लापरवाही और उपभोक्ता को गलत जानकारी देकर ई-रिक्शा बेचने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, मोतिहारी ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने अंबिका नगर, चिलवनिया स्थित सदगुरू एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अमित कुमार पाण्डेय को उपभोक्ता के पक्ष में 1 लाख 90 हजार रुपये का परितोष भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने निर्देश दिया है कि आदेश की तिथि से दो माह के भीतर राशि का भुगतान किया जाए। निर्धारित समयसीमा के भीतर भुगतान नहीं होने पर 1 मई 2025 से भुगतान की तिथि तक 7 प्रतिशत साधारण ब्याज भी देना होगा। मामला तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया बनकट निवासी राजेश कुमार चौधरी द्वारा दायर परिवाद से जुड़ा है। परिवादी ने आयोग को बताया कि उन्होंने 31 जनवरी 2024 को सदगुरू एंटरप्राइजेज से एक ई-रिक्शा खरीदा था। वाहन की कीमत 1.70 लाख रुपये ली गई थी, जबकि कागजात तैयार कराने के नाम पर अतिरिक्त 10 हजार रुपये वसूले गए थे। परिवादी के अनुसार, एजेंसी ने वाहन का बीमा कराने, बैट्री पर एक वर्ष की गारंटी देने तथा पूर्ण चार्ज पर 150 किलोमीटर तक चलने का दावा किया था। लेकिन खरीद के बाद ई-रिक्शा की बैट्री महज 90 किलोमीटर तक ही चल सकी। इसके अलावा वाहन में लगातार तकनीकी खराबियां आती रहीं और मरम्मत के नाम पर कई-कई सप्ताह तक वाहन एजेंसी के पास रखा गया। आरोप यह भी था कि आवश्यक दस्तावेज जिला परिवहन कार्यालय में जमा नहीं किए गए, जिसके कारण वाहन का रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं हो सका। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा एवं सदस्य संजीव कुमार ने दोनों पक्षों की दलीलों और उपलब्ध साक्ष्यों की समीक्षा की। आयोग ने पाया कि विक्रेता द्वारा सेवा में स्पष्ट त्रुटि और उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यवहार किया गया है।

इसके बाद आयोग ने परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए ई-रिक्शा की कीमत एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क के मद में 1 लाख 80 हजार रुपये तथा शारीरिक-मानसिक कष्ट और वाद व्यय के लिए 10 हजार रुपये, कुल 1 लाख 90 हजार रुपये भुगतान करने का आदेश दिया।

उपभोक्ता आयोग के इस फैसले को उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा की दिशा में अहम माना जा रहा है। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि उपभोक्ताओं को गुमराह करने या सेवा में लापरवाही बरतने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## सामाजिक न्याय के महानायक लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बीएनएम@ मोतिहारी।



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मोत्सव गुरुवार को शहर स्थित सर्किट हाउस में हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता एवं पिछड़े, दलित तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोग उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करते हैं। वहीं पूर्व मंत्री डॉ. शमीम अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा समाज के दबे-कुचले एवं उपेक्षित वर्गों की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और भाईचारे की राजनीति को मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। जन्मोत्सव समारोह में महापौर प्रीति गुप्ता, मधुबन जिला संगठन अध्यक्ष नूर आलम खान, पूर्व विधायक राजेंद्र राम, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, प्रधान महासचिव सुरेश साहनी, संजय निराला, पवन यादव, जेपी यादव सहित बड़ी संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी राजद मीडिया प्रभारी जावेद अहमद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## शादी के एक महीने बाद नवविवाहिता की मौत, अंतिम संस्कार से पहले पुलिस ने कब्जे में लिया शव

बीएनएम@ मोतिहारी।

जिले के चकिया प्रखंड के चकबारा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान गांव निवासी शिवजी पंडित की 19 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उसकी शादी करीब एक माह पूर्व ही हुई थी। सूचना के अनुसार, नवविवाहिता की मौत के बाद शव का अंतिम संस्कार किए जाने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच पुलिस को मामले की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्मशान घाट पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृत्यु के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में अब तक किसी पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

पुलिस परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन से हटाया गया अतिक्रमण, प्रशासन ने जेसीबी चलाकर तोड़ी झोपड़ियां

बीएनएम@ तुरकौलिया।



प्रखंड के बेलवाराय गांव में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाया। अंचलाधिकारी (सीओ) के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, बेलवाराय निवासी देवेंद्र राम और विक्रमागिरी के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस संबंध में देवेंद्र राम ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद राजस्व कर्मियों द्वारा जमीन की मापी कराई गई, जिसमें संबंधित भूमि सरकारी पाई गई। मापी के बाद अतिक्रमणकारी को जमीन खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्धारित समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया। बताया जाता है कि सरकारी जमीन पर तीन झोपड़ियां बनाकर कब्जा किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। साथ ही अतिक्रमण हटाने में हुए खर्च की वसूली भी संबंधित व्यक्ति से की गई। अंचलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# पहाड़पुर में एस्क्लेपियस वेलनेस के स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन, उत्कृष्ट डिस्ट्रीब्यूटर सम्मानित

बीएनएम@ पहाड़पुर



पहाड़पुर स्थित ब्रजशीला भवन परिसर में गुरुवार को एस्क्लेपियस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले डिस्ट्रीब्यूटरों को केक काटकर सम्मानित किया गया तथा आयुर्वेद आधारित स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

आयोजन एस्क्लेपियस वेलनेस के चम्पारण फाइटर अरविंद कुमार राय उर्फ अमूल राय के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर विलासपुर लालकोठी निवासी अरविंद कुमार राय को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कोटवा पंचायत के सरपंच राजेश कुमार उर्फ राजू सिंह के पुत्र कौस्तुभ पराशर उर्फ रोहन सिंह, चंदेश्वर ठाकुर (चटिया), राणा शाही (पहाड़पुर), धनंजय सिंह (इंद्रगाछी), लव कुमार पांडेय (मोतिहारी) तथा रंजीत कुमार (जगदीशपुर) की प्रमुख भूमिका रही। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए आयुष चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि बदलती जीवनशैली, तनाव, अनियमित खान-पान और तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

ऐसे समय में आयुर्वेद स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र कला है।

अरविंद कुमार राय ने बताया कि एस्क्लेपियस वेलनेस आयुर्वेद आधारित उत्पादों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वरोजगार दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि कंपनी गुणवत्ता, शोध और आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद उपलब्ध करा रही है।

कार्यक्रम में सरपंच राजेश कुमार उर्फ राजू सिंह, कौस्तुभ पराशर उर्फ रोहन सिंह, संदीप ठाकुर, मनु ठाकुर, राजेश राम, धनंजय कुमार, विधि कुमार, अभिषेक कुमार तिवारी, सुरेश पासवान, फिरोज आलम, सबाना खान, सुरभी पाण्डेय, नौसाद अहमद सिद्दीकी, म. फरमान, दिलीप सिंह (एलटी, सीएचसी पहाड़पुर) तथा दिवाकर पंडित (एक्स-रे टेक्नीशियन, सीएचसी पहाड़पुर) सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सहयोग शिविर की रिपोर्ट समय पर नहीं देने पर कई पदाधिकारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**स्पष्टीकरण**

बीएनएम@ मोतिहारी।

सुगौली प्रखंड में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध नहीं कराने के मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में सुगौली प्रखंड के कई पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुगौली ने अपने पत्रांक-363, दिनांक 08 जून 2026 के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराया कि 16 जून 2026 को उत्तरी मनसिंघा, दक्षिणी मनसिंघा एवं उत्तरी छपरा बहास ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने वालों में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी, विद्युत आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता, जीविका के कार्यक्रम पदाधिकारी तथा संबंधित पंचायतों के पंचायत सचिव शामिल हैं। जिलाधिकारी ने अपने स्पष्टीकरण पत्र में कहा है कि संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही है तथा वरीय अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है। यह कार्यशैली स्वेच्छाचारिता, अकर्मण्यता, अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति उदासीनता को दर्शाती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि स्पष्टीकरण पत्र प्राप्त होते ही संबंधित प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुगौली को उपलब्ध कराया जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा विभाग को क्यों नहीं भेजी जाए।

## धनी तबकों पर ले जाए

**प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा वे अपना धनी तबकों पर ले जाएं। आर्थिक संकट के बारे में प्रधानमंत्री के भाषणों से देश में फैले भय के बीच अब केंद्र ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं के आयात पर शुल्क बढ़ा कर 15 (10 प्रतिशत कस्टम+ 5 फीसदी कृषि एवं विकास उपकर) कर दिया है। गौरतलब है कि सोने का आयात विदेशी मुद्रा भंडार में सेंध लगने का बड़ा कारण बना रहा है। मगर कारणों की पड़ताल करें, तो आयात बढ़ने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार पर जाएगी। केंद्र ने मई 2022 में यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर अमल शुरू किया, जिसके तहत वहां से टैरिफ रेट कोटा सिस्टम के तहत स्वर्ण आयात पर शुल्क सामान्य छह प्रतिशत से एक प्रतिशत कम (यानी पांच प्रतिशत) कर दिया गया। इसके पहले (2022 में) भारत के कुल स्वर्ण आयात में यूएई का हिस्सा 7.9 प्रतिशत (2.9 बिलियन डॉलर) था, जो पिछले साल 28 प्रतिशत (16.5 बिलियन डॉलर) हो गया। इस बीच पिछले साल सोने के भाव में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई। इससे सोना आम मध्य वर्ग की पहुंच से बाहर हो गया। जबकि अति धनी लोग खरीदारी करते रहे, जिससे डॉलर बाहर गया। प्रधानमंत्री ने मध्य वर्ग से विदेश जाने से बचने का आह्वान भी किया है। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या में पिछले दो साल में गिरावट आई है। फिर भी डॉलर बाहर जाने में बढ़ोतरी हुई, तो उसका कारण अति धनी व्यक्तियों का विदेश में चल और अचल संपत्ति में निवेश है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 26.4 बिलियन डॉलर का निवेश इन लोगों ने विदेश में किया। ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि मोदी सरकार ने लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम, टैक्स राहत, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आदि के नाम पर विदेशी कर्मियों के लिए खुद इसका मार्ग प्रशस्त किया। ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा सरकार संकट-कालीन प्रशासनिक उपाय करे और अपना ध्यान मध्य वर्ग के बजाय धनी तबकों पर ले जाए।**

# देश की सुरक्षा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**शिवप्रकाश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 जून को संवैधानिक चुनाव पद्धति से चयनित सबसे अधिक कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री हो जायेंगे । मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का 4398 दिनों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर 4399 दिन अपनी देश सेवा के पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों के कार्यकाल को जोड़कर 25 वर्षों के साथ ही 9007 दिनों की अनवरत राष्ट्र सेवा को भी पूर्ण करेंगे। यह उत्साही ,अविश्रांत, अनथक कर्मयोगी की यात्रा है ।

देश के विकास के लिए अनेक कीर्तिमान गढ़ने वाले कठोर निर्णयों के लिए तो 12 वर्षों का उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा ही साथ-साथ देश की सुरक्षा के लिए भी उनके योगदान और भुलाया नहीं जा सकता । राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उन्होंने आतंकवाद से प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया । 13 जून 2014 को भारतीय सेना के साउथ ब्लॉक में स्थित रक्षा वॉर रूम में सेना उच्च अधिकारियों के साथ संवाद एवं रक्षा तैयारियों की समीक्षा कर ही अपनी सुरक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट कर दिया था। जब समस्त देश दीपावली पर दीपों से अपने-अपने घरों को प्रकाशमान करता है तब प्रधानमंत्री सीमा पर सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच में उपस्थित रहकर देश उनके साथ है ऐसा संदेश देते हैं । सियाचिन से प्रारंभ कर 12 वर्षों में 12 स्थानों पर जाकर उन्होंने अपनी सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है।

आचार्य चाणक्य ने राष्ट्र की सुरक्षा के संदर्भ में कहा था कि मजबूत सेना के बिना राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। 1962 में चाइना युद्ध में हमारी पराजय तथा 1964 में चाइना के परमाणु परीक्षण के बाद निर्मित निराशाजनक स्थिति से उबारने के लिए भारत को भी परमाणु शक्ति युक्त होना चाहिए , यह मांग जनसंघ ने 4 दिसम्बर 1964 को पटना अविवेशन में की थी। तब कांग्रेस सहित समस्त दलों ने इस माँग का उपहास किया था । जनसंघ के इसी संकल्प की पूर्ति को 11 मई 1998 को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण विस्फोट कर पूर्ण किया था । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद 2014 रक्षा विभाग का बजट 2.27 लाख की तुलना में 3 गुना 7.85 लाख करोड़ हो गया। आज हम 100 से अधिक देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेच रहे हैं । अब हमारा निर्यात में 2014 की तुलना में 686 करोड़ से बढ़कर 2025 -26 में 38424 करोड़ अर्थात 56 गुना वृद्धि हुई है । अब हम हाइपर सोनिक मिसाइल , ब्रह्मोस ,बैलिस्टिक मिसाइल , एयर डिफेन्स एवं रडार सिस्टम को ध्वस्त करने वाले रुद्रम -2, प्रलय, आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल बना रहे हैं । भारत का स्वदेशी आईएनएस विक्रांत, राफेल, एस - 400 विमानों से हम युक्त हैं। आर्मेनिया ने येरेवान रिपब्लिक स्क्वायर में भारत में बनी आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल एवं पिनाका रॉकेट लौनचर्स का प्रदर्शन भारतीयों को मस्तक ऊँचा करता हैं। 15 अगस्त 2025 को लाल किला से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी क्षमताओं, मेड इन इंडिया हथियारों ने सिद्ध किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी निर्भरता पर नहीं टिक सकती। इसी का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने 22 मिनट में ही सभी निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर किए थे। 72000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक समृद्धि, सामुद्रिक रणनीति एवं सुरक्षा का आधार बनेगी। सेना में स्वदेशी रक्षा उत्पाद, रक्षा बजट में वृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा पर सफलता प्राप्त करना ऐतिहासिक कदम है । 2014 से पूर्व पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद चरम पर था। केवल कश्मीर ही नहीं देश का कोई शहर सुरक्षित नहीं था। मुंबई, जयपुर, दिल्ली, काशी सहित अनेक आतंकी घटनाएं आज भी हमको विचलित करती हैं। सुरक्षाबलों को आधुनिक शस्त्र, बुलेट प्रूफ जैकेट, टेरर फंडिंग पर रोक हेतु नो मनी फॉर टेरर जैसे कड़े कदम , एफएटीएफ के माध्यम से वित्तीय दबाव के साथ सर्जिकल एवं बालाकोट एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने का कार्य किया। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में स्थापित आतंकी केंद्रों का सफाया एवं पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र को ध्वस्त किया। 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय कर देश की एकात्मता को सुदृढ़ किया है ।

इस ऐतिहासिक दिन को देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व स्मरण करेगा जब हमने कहा कि 31 मार्च 2026 वामपंथ प्रेरित नक्सलवाद से हम मुक्त हो रहे हैं। 2024 में 126 जिले नक्सलवादी आतंक से युक्त थे । 2024 में ही केवल 290 नक्सली मारे गए। 1090 गिरफ्तार हुए। 881 ने आत्मसर्पण कर भारत की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प किया 7 अब बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है। घुसपैठिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुरक्षा के लिए खतरा एवं जनसांख्यिकी असंतुलन निर्माण कर रहे हैं । भारत सरकार ने इस संकट से उबरने के लिए डिटेक्ट , डिलीट , डिपोर्ट नीति के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की है। सीमा की निगरानी को सख्त किया है। बंगाल भाजपा विजय के पश्चात् बांग्लादेशी घुसपैठियों की बांग्लादेश की ओर वापसी की लाइन हम देख रहे हैं। 15,106 किलोमीटर सीमा सोती रेखा से जागती दीवार लक्ष्य में लेज़र वॉल, वाइब्रेशन सेंसर, नाइट विज़न कैमरा का उपयोग हो रहा है। सीमा सुरक्षा के लिए 49 % बजट वृद्धि कर 5597 करोड़ निर्धारित किया गया है। अदृश्य युद्ध के माध्यम से भारत की साइबर सुरक्षा को चुनौती देने का कार्य भारत विरोधी शक्तियां कर रही हैं। राज्यसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार भारत ने लगभग 54 लाख साइबर शिकायतों एवं 31594 करोड़ रुपयों के ठगी के प्रयासों का सामना करने में भारत सफल रहा। भारत सरकार ने 2024 में साइबर कमांडो व्यवस्था निर्माण कर साइबर सुरक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है। डीसीवाईए (डिफेंस साइबर एजेंसी) एवं आई4सी के माध्यम से समन्वय कर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रयास हो रहा है । देश को नशामुक्त बनाने हेतु व आतंकवाद जैसी समस्याओं के आय के प्रमुख स्त्रोत ड्रग्स के गैर कानूनी व्यापार पर करारा प्रहार करते हुए लगातार उनको जब्त किया जा रहा है। 2024 में ही 25,330 करोड़ रुपये के ड्रग्स की जब्ती इस बात का पुख्ता प्रमाण है। सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान सीमावर्ती गाँव में बसे ग्रामीणों का रहता है। उनके मन में अपने प्रति उपेक्षा भाव न रहे इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 में कहा, ये अंतिम गाँव नहीं, भारत माँ के प्रथम गाँव है। वीवीपी (वाइब्रेंट विलेजेज़ प्रोग्राम) फेज 1 -2 के अंतर्गत 4121 गाँवों के विकास के लिए लगभग 11639 करोड़ का बजट निर्धारित किया है जिसके द्वारा मौसम अनुकूल सड़क (ऑल-वेदर रोड), सौर उर्जा, मोबाइल कनेक्टिविटी, शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यटन का ढांचा खड़ा किया जा रहा है। 2023 में लालकिला के मैदान में 600 सीमावर्ती गाँवों के सरपंचों की सहभागिता ने सीमा एवं दिल्ली का संगम कर दिया है।

अपने पंच प्रण के संकल्प में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का आह्वान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था । इसका अनुपालन करते हुए औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति एवं भारतीय स्वाभिमान में वृद्धि के अनेक प्रयास हुए हैं । आईपीसी, सीआरपीसी की धाराएं अब भारतीय न्याय संहिता हो गई है। राजपथ अब कर्तव्यपथ, 7 रेस कोर्स रोड-7 लोक कल्याण मार्ग , प्रधानमंत्री कार्यालय - सेवा तीर्थ एवं राजभवन - लोकभवन हो गए हैं । सीडीएस की नियुक्ति ने तीनों सेनाओं में समन्वय किया है । नेवी का प्रतीक चिन्ह अब ब्रिटिश दासता का स्मरण नहीं छत्रपति शिवाजी का स्मरण कराता, तिरंगे में अष्टकोणीय चिन्ह के साथ शिवाजी की राजमुद्रा से अंकित एवं वेद मंत्र शं नो वरुणः एवं अशोक स्तम्भ का स्मरण कराता है। गणतंत्र दिवस के पश्चात् सेना द्वारा आयोजित बीटिंग रिट्रीट (बीटिंग रिट्रीट) परेड में अब अंग्रेजी धुन नही प्रसिद्ध गायिका स्वर्गीय लता मंगेशकर द्वारा रचित देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगो ने स्थान ले लिया है। सेना में महिला सहभागिता, सैनिक स्कूलों में वृद्धि एवं अग्निवीर योजना से सुरक्षा तंत्र में समाज की सहभागिता बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ऐतिहासिक सुरक्षा के प्रति किए गए निर्णय सदैव स्मरण किए जाएंगे। राष्ट्र की संप्रभुता, आर्थिक विकास, शांति सभी के लिए सुरक्षा अनिवार्य शर्त है। सुरक्षा के प्रति किए गए उपायों का ही परिणाम है कि आज देश गरीब कल्याण, ढांचागत एवं आर्थिक विकास कर अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए विश्व में अपना गौरवपूर्ण स्थान बना रहा है। भारत सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल हो, यह सभी नागरिकों का संकल्प बनना चाहिए।

(राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा हैं)

# बच्चों के मौलिक अधिकारों को बाधित करता है बाल श्रम

**अतुल गोयल**

बाधित होते बच्चों के मौलिक अधिकार


(विश्व बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून) पर विशेष)

बाल श्रम के खिलाफ हर साल 12 जून को 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस वर्ष 2002 में बाल श्रम को रोकने के लिए जागरूकता और सक्रियता बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। इस वर्ष यह दिवस 'बाल श्रम के खिलाफ लाल कार्डः बच्चों के लिए निष्पक्ष खेल, व्यस्कों के लिए सम्मानजनक काम' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो बाल श्रम को पूरी तरह से समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई और नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता का संचार करता है। बाल श्रम इतनी आसान समस्या नहीं है, जितनी लगती है। बच्चों को उनकी इच्छा के विरुद्ध किसी भी प्रकार के काम में शामिल करने का कार्य है बाल श्रम, जो उनके मौलिक अधिकारों को बाधित करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 के अनुसार चौदह वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में या किसी खतरनाक रोजगार में नियोजित नहीं किया जाएगा। बाल श्रम की समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे विश्व में प्रचलित है। यह समस्या अफ्रीका और भारत सहित कई अविकसित या विकासशील देशों में प्रमुख है। बाल श्रम एशिया में 22 फीसदी, अफ्रीका में 32 फीसदी, लैटिन अमेरिका में 17 फीसदी, अमेरिका, कनाडा, यूरोप और अन्य धनी देशों में 1 फीसदी है। जब हम किसी रेस्तरां, टी-स्टॉल, होटल, कारखानों अथवा चूड़ी उद्योग में जाते हैं तो हम वहां 14 साल से कम उम्र के बच्चों को आसानी से काम करते हुए देख सकते हैं। सुबह-सुबह घर-घर अखबार बांटना, सड़क किनारे जूते पॉलिश करना, कूड़े-कचरे के ढ़ेर में कागज-पॉलीथिन चुनना, 21वीं सदी में भी जब खेलने-कूदने और पढ़ने-लिखने की उम्र में लाखों बच्चों को ऐसे कार्यों के जरिये अपने परिवार के लिए आय जुटाते देखते हैं तो बहुत दुख होता है। इसके अलावा बीड़ी उद्योग, कालीन उद्योग, कांच, पीतल, ज्वैलरी उद्योग सहित कई अन्य खतरनाक काम-धंधों में भी मासूम बचपन हाड़-तोड़ मेहनत करते देखा जाता है।

बाल श्रम न केवल उन्हें उनकी आवश्यक शिक्षा से वंचित कर रहा है बल्कि जिस अस्वच्छ वातावरण के तहत वे काम कर रहे हैं, वहां तरह-तरह की बीमारियां होने की संभावना भी कई गुना ज्यादा रहती है। ऐसे माहौल में काम करने वाले बच्चों को सांस की बीमारी, त्वचा रोग, दमा, टीबी, रीढ़ की हड्डी की बीमारी, कैंसर, कुपोषण, समय से पहले बुढ़ापा इत्यादि कुछ घातक बीमारियां होने की संभावना बढ़ने के अलावा यह समस्या राष्ट्र की प्रगति और विकास के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में उभरती है। दरअसल देश की युवा पीढ़ी के कंधों पर ही देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और बालश्रम जैसी समस्या के कारण वही प्रभावित होती है तो राष्ट्र के विकास की रफ्तार प्रभावित होना भी तय है।

बाल श्रम की प्रथा के पीछे कई कारण हैं लेकिन इस मुद्दे की महत्वपूर्ण रीढ़ गरीबी ही है। जब कोई परिवार पानी, भोजन, शिक्षा इत्यादि अपनी मूलभूत दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं हो पाता तो कई बार ऐसे कुछ परिवार अपनी इन जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने छोटे-छोटे मासूम बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेजने के विकल्प का चयन करते हैं और ऐसे ही कुछ परिवार बाल तस्करों के शिकंजे में फंस जाते हैं तथा कुछ हजार रुपयों के लिए अपने जिगर के टुकड़े को उनके हवाले कर देते हैं। निरक्षरता दर में वृद्धि, बड़े पैमाने पर विस्थापन इत्यादि के पीछे संचालित कारक गरीबी ही है। गरीबी के अलावा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की कमी, निरक्षरता, मौलिक अधिकारों और 1986 के बाल श्रम अधिनियम के बारे में सीमित ज्ञान, ये सभी कारक भी बाल श्रम की समस्या को विकराल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये कारक न केवल बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों और बचपन से वंचित कर रहे हैं बल्कि देश को अंधकारमय भविष्य की ओर धकेलने में भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। बहरहाल, बाल श्रम जैसी गंभीर और बहुआयामी समस्या का स्थायी समाधान केवल कानून बनाने से संभव नहीं है। इसके लिए सबसे पहले उस मूल कारण पर प्रहार करना होगा, जो इस समस्या को जन्म देता है और वह है गरीबी। जब परिवार अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी करने में असमर्थ होते हैं, तब बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेजना उनकी मजबूरी बन जाता है। इसलिए सरकार को ऐसी नीतियां अपनानी होंगी, जो गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। रोजगार सृजन, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। साथ ही, बाल श्रम से संबंधित मौजूदा कानूनों और नीतियों की समीक्षा कर उनमें मौजूद कमियों को दूर करना भी आवश्यक है। कानून तभी प्रभावी साबित होंगे, जब उनका कठोरता और पारदर्शिता के साथ पालन कराया जाए। बाल श्रमिकों को रोजगार देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों के खिलाफ त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। निरीक्षण तंत्र को मजबूत बनाकर असंगठित क्षेत्रों में भी प्रभावी निगरानी स्थापित करनी होगी। बाल श्रम उन्मूलन केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। यदि हम अपने आसपास किसी बच्चे को मजदूरी करते देखें तो इसे सामान्य घटना मानकर अनदेखा न करें बल्कि तुरंत पुलिस, श्रम विभाग या संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दें। गैर-सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों और मीडिया को भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाने चाहिए ताकि लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों और बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी मिल सके। जब सरकार, समाज और नागरिक मिलकर साझा संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे, तभी बाल श्रम मुक्त और बच्चों के अनुकूल भारत का निर्माण संभव हो सकेगा।

(लेखक न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर हैं)




**मेष राशि** : सुबह की शुरुआत सामान्य रहेगी, लेकिन दिन चढ़ने के साथ किसी पुराने विषय या अधूरे काम पर आपका ध्यान फिर जा सकता है। अच्छी बात यह है कि आज आप चीजों को लेकर पहले से ज्यादा स्पष्ट महसूस करेंगे। कामकाज के मामले में दिन व्यस्त रह सकता है। कोई फोन कॉल, संदेश या अचानक मिली जानकारी आपके दिन की योजना बदल सकती है। शुभ अंकः 1

**वृषभ राशि**ः एक-एक करके काम निपटाने की कोशिश करेंगे तो दिन उतना मुश्किल नहीं लगेगा जितना शुरुआत में लग रहा था। कामकाज के मामले में आज धैर्य आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा। कोई काम उम्मीद से धीमी गति से आगे बढ़ सकता है या किसी व्यक्ति के जवाब का इंतजार करना पड़ सकता है। शुभ अंकः 6

**मिथुन राशि**ः कामकाज के क्षेत्र में किसी का फोन, संदेश या मुलाकात दिन की दिशा बदल सकती है। यदि आप किसी जवाब या निर्णय का इंतजार कर रहे हैं तो दोपहर के बाद उससे जुड़ी कोई खबर मिल सकती है। हालांकि हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय थोड़ा समय लेकर सोचना बेहतर रहेगा। आर्थिक मामलों में दिन संतुलित दिखाई दे रहा है। कोई बड़ा लाभ न सही, लेकिन पैसों को लेकर चल रही किसी चिंता में कमी आ सकती है। शुभ अंकः 5

**कर्क राशि**ः कई बार आपका मन ही बातों को जरूरत से ज्यादा गंभीर बना देता है। आज किसी अपने के साथ बैठकर कुछ देर बातें करना अच्छा लगेगा। सलाह लेने से ज्यादा आपका मन सुने जाने की इच्छा रखेगा। घर का माहौल भी पहले की तुलना में शांत रहेगा। दिन के आखिर में किसी अधूरे काम को पूरा करने की संतुष्टि मिल सकती है।

**सिंह राशि**ः सुबह से ही ऐसा लग सकता है कि लोग आपसे कुछ ज्यादा उम्मीद कर रहे हैं। किसी का फोन, कोई जिम्मेदारी या अचानक आया काम आपकी योजनाओं में बदलाव कर सकता है। हालांकि यह दिन आपको शिकायत का नहीं, बल्कि चीजों को संभालने का मौका देगा। आज एक दिलचस्प बात यह रहेगी कि जिस काम को आप टालते आ रहे थे, उसी पर सबसे ज्यादा ध्यान जाएगा। शुभ अंकः 1

**कन्या राशि**ः सुबह किसी छोटी-सी गलती या अधूरी जानकारी को देखकर उसे ठीक करने का मन करेगा। हालांकि हर चीज को अपने ऊपर लेने की जरूरत नहीं है।आज कोई पुराना काम या पुरानी बातचीत अचानक याद आ सकती है। दिलचस्प बात यह है कि जिस बात को आपने पहले महत्व नहीं दिया था, अब वही बात ज्यादा समझ आने लगेगी। शुभ अंकः 5

**तुला राशि**ः सुबह किसी की बात सुनकर आप मुस्कुरा तो देंगे, लेकिन बाद में उसी बात के बारे में सोचते रह सकते हैं। आज आपका मन दूसरों की भावनाओं को जल्दी समझ सकता है। किसी पुराने दोस्त, रिश्तेदार या परिचित की याद अचानक आ सकती है। कुछ लोगों के लिए यह दिन पुराने रिश्तों की बर्फ पिघलाने वाला भी साबित हो सकता है। अगर काफी समय से किसी से बात नहीं हुई है तो पहल आपकी तरफ से हो सकती है।

**मकर राशि**ः सुबह से ही मन किसी जरूरी काम को पूरा करने के मूड में रहेगा। हो सकता है आप खुद से ही कहें कि अब इसे और नहीं टालना चाहिए। आज किसी व्यक्ति की बात आपको प्रेरित भी कर सकती है। जरूरी नहीं कि वह कोई बड़ी सलाह हो, लेकिन उसके शब्द आपके भीतर कुछ सोचने पर मजबूर कर सकते हैं। दिन के दौरान किसी अधूरे काम में प्रगति देखने को मिल सकती है, जिससे संतोष मिलेगा। शुभ अंकः 8

**वृश्चिक राशि**ः सुबह किसी छोटी-सी बात पर आपका ध्यान अटक सकता है। हो सकता है किसी की कही हुई बात, कोई पुराना संदेश या अचानक सामने आई याद मन में हलचल पैदा कर दे। हालांकि यह बेचैनी ज्यादा देर तक नहीं रहेगी। आज आप लोगों को ध्यान से देखेंगे, लेकिन अपनी बातें कम साझा करेंगे। कई बार बिना कुछ कहे भी बहुत कुछ समझ आ जाता है, और आज का दिन कुछ ऐसा ही संकेत दे रहा है। शुभ अंकः 9

**धनु राशि**ः आज वही विषय दोबारा सामने आ सकता है और इस बार आप उसे थोड़ा गंभीरता से लेने का मन बना सकते हैं। दिन के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति से बातचीत हो सकती है जो हमेशा आपको अलग नजरिए से सोचने के लिए प्रेरित करता है।

**कुंभ राशि**ः आज किसी बात को लेकर आपका नजरिया बाकी लोगों से अलग हो सकता है। जहां दूसरे लोग जल्दबाजी में राय बना लेंगे, वहीं आप पूरी बात समझने की कोशिश करेंगे। सुबह कोई छोटी-सी घटना या बातचीत आपको सोचने पर मजबूर कर सकती है। हो सकता है आप किसी व्यक्ति को लेकर अपनी राय बदलते हुए महसूस करें। शुभ अंकः 8

**मीन राशि**ः सुबह किसी पुराने गाने, तस्वीर या याद की वजह से मन कुछ देर अतीत में भटक सकता है। ऐसा नहीं है कि आप उदास रहेंगे, लेकिन बीती हुई कुछ बातें अचानक याद आ सकती हैं। कई बार मन बिना किसी खास वजह के भी पुरानी गलियों में घूम आता है।

# जंगलों से जननी सुरक्षा तकः सुरक्षित मातृत्व की राह पर बदलता छत्तीसगढ़

**जगत प्रकाश नड्डा**

किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक पैमाना उसकी सड़कों, भवनों और उद्योगों से नहीं, बल्कि उस व्यवस्था से तय होता है जो अपने सबसे संवेदनशील नागरिकों की रक्षा करती है। गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु किसी भी समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होते हैं। जब एक मां सुरक्षित रहती है तो केवल एक जीवन नहीं बचता, बल्कि एक पूरे परिवार, समाज और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। भारत ने पिछले एक दशक में मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिस परिवर्तनकारी यात्रा को तय किया है, वह विश्व स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में उभरी है। इस परिवर्तन के केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) है, जिसने गर्भवती महिलाओं तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया है। इस अभियान की सफलता की सबसे प्रभावशाली कहानियों में से एक छत्तीसगढ़ की है, जहां घने जंगलों, दुर्गम पहाड़ियों और दूरस्थ आदिवासी अंचलों के बीच मातृ स्वास्थ्य सेवाओं ने नई पहचान बनाई है। दस वर्ष पहले जिन क्षेत्रों में गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच की कल्पना भी कठिन थी, वहां आज हर महीने की 9 तारीख मातृ स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सकीय सेवाओं का प्रतीक बन चुकी है। यह बदलाव केवल योजनाओं का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और जन-भागीदारी के सामूहिक प्रयासों की कहानी है। नौ तारीख बनी सुरक्षित मातृत्व का प्रतीकः 9 जून 2016 को शुरू हुए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की अवधारणा सरल लेकिन प्रभावशाली थी। गर्भावस्था के नौ महीनों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक माह की नौ तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष प्रसव पूर्व जांच दिवस के रूप में निर्धारित किया गया। इस दिन सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक परीक्षणों की व्यवस्था की जाती है। इस पहल ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को नियमितता और पहचान दी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और उनके परिवारों के लिए यह समझना आसान हुआ कि प्रत्येक माह की नौ तारीख स्वास्थ्य जांच के लिए निर्धारित है। परिणामस्वरूप प्रसव पूर्व जांच की पहुंच और स्वीकार्यता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज देशभर में करोड़ों महिलाओं ने इस अभियान का लाभ उठाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच और जोखिमों की पहचान ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ के लिए चुनौती थी भूगोल, समाधान बना समुदायः छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियां देश के अनेक राज्यों से भिन्न हैं। बस्तर, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जैसे जिलों के बड़े हिस्से वनाच्छादित हैं। कई गांव ऐसे हैं जहां बरसात के मौसम में पहुंचना बेहद कठिन हो जाता है। वर्षों तक इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रहा। आदिवासी अंचलों में पारंपरिक मान्यताओं और घरेलू प्रसव की प्रथा भी लंबे समय तक मातृ स्वास्थ्य सुधार की राह में बाधा बनी रही। कई महिलाएं गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की चिकित्सकीय जांच नहीं कराती थीं। जटिलता होने पर अस्पताल पहुंचने में देर हो जाती थी और कई बार स्थिति गंभीर हो जाती थी। यहीं से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने बदलाव की शुरुआत की। राज्य सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने संयुक्त रूप से रणनीति तैयार की कि जोखिम सामने आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले उसकी पहचान की जाए। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, हाट-बाजार क्लीनिक, विशेष स्वास्थ्य शिविर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से विशेषज्ञ सेवाओं को गांवों तक पहुंचाया गया। आज स्थिति यह है कि जिन क्षेत्रों में कभी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सीमित थी, वहां गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण, जांच और फॉलोअप संभव हो रहा है।

समय रहते जोखिम की पहचान बनी सबसे बड़ी ताकतः मातृ स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश गंभीर प्रसूति जटिलताएं अचानक नहीं होतीं। उनके संकेत गर्भावस्था के दौरान दिखाई देने लगते हैं। यदि समय पर पहचान हो जाए तो अधिकांश जोखिमों को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान है। गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, पूर्व प्रसव संबंधी जटिलताएं, कम उम्र या अधिक उम्र में गर्भधारण तथा जुड़वा गर्भ जैसी स्थितियों को विशेष रूप से चिन्हित किया जाता है। छत्तीसगढ़ में अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई है। इन मामलों को चिन्हित करने के बाद उन्हें उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ा जाता है ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न न हो। यही कारण है कि राज्य के दूरस्थ जिलों में भी जटिल प्रसवों के सुरक्षित प्रबंधन की संभावना बढ़ी है। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर रेफरल और नियमित निगरानी ने अनेक माताओं और नवजातों का जीवन बचाया है। डिजिटल ट्रैकिंग ने स्वास्थ्य सेवाओं को दिया नया आयामः पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल तकनीक ने मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों को नई गति प्रदान की है। पीएमएसएमए पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नाम आधारित ट्रैकिंग संभव हुई है। किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद जानकारी तत्काल ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यदि किसी महिला को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा जाता है तो उसकी जानकारी संबंधित चिकित्सकीय इकाइयों तक पहुंच जाती है। इससे स्वास्थ्य तंत्र को पहले से तैयारी करने का अवसर मिलता है। प्रसव की संभावित तिथि, चिकित्सकीय स्थिति और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध रहने से आपातकालीन परिस्थितियों का बेहतर प्रबंधन संभव हो पाता है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहां दूरी और परिवहन लंबे समय तक बड़ी चुनौती रहे हैं, डिजिटल निगरानी प्रणाली ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाया है। गांव की पगडंडी से अस्पताल तक, आशा कार्यकर्ताओं का असाधारण योगदानः यदि इस परिवर्तन की असली कहानी लिखी जाए तो उसमें सबसे प्रमुख स्थान अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का होगा।

आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी इस पूरे अभियान की रीढ़ हैं। आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण करती हैं, उन्हें नियमित जांच के लिए प्रेरित करती हैं और आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में सहायता करती हैं। कई दूरस्थ गांवों में उन्होंने सामाजिक मान्यताओं को बदलने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषण संबंधी निगरानी करती हैं, जबकि एएनएम टीकाकरण, प्राथमिक जांच और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रारंभिक स्तर पर जोखिमों की पहचान कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से समन्वय स्थापित करते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता के बिना मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार की कल्पना संभव नहीं थी। जब योजनाएं साथ आईं तो बना सुरक्षा का व्यापक कवचः प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की सफलता केवल एक योजना की उपलब्धि नहीं है। इसकी प्रभावशीलता विभिन्न स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के समन्वय से बढ़ी है। जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देती है। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम सरकारी अस्पतालों में प्रसव, दवाइयों, जांचों और परिवहन को निःशुल्क उपलब्ध कराता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोषण संबंधी सहायता प्रदान करती है, जबकि आयुष्मान भारत गंभीर मामलों में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इन सभी योजनाओं ने मिलकर गर्भवती महिलाओं के लिए एक ऐसा सुरक्षा तंत्र तैयार किया है जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर आर्थिक सहायता और पोषण तक सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# अफगानिस्तान के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उतरते ही रोहित शर्मा बनायेंगे रिकार्ड



एजेंसी, मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले एकदिवसीय में उतरते ही एक नया रिकार्ड अपने नाम कर लेंगे। इसी के साथ ही रोहित सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और अब उनका इस मैच में खेलना तय है। रोहित मैदान में उतरते ही दिग्गज बल्लेबाज रहे मोहिंदर अमरनाथ का सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय खेलने का रिकार्ड तोड़ देंगे। रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरते ही 39 साल और 44 दिन की उम्र में खेलने वाले क्रिकेटर बन जाएंगे। इससे पहले, यह रिकॉर्ड 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज था। अमरनाथ ने भारत के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय 1989 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में खेला था। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या चोट के चलते नहीं खेलेंगे। रोहित की नजरें इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने पर लगी रहेंगी। उनका लक्ष्य भारत को 2027 विश्व कप का खिताब जिताकर इस प्रारुप से संन्यास लेने का है।

## स्टोक्स को दूसरे टेस्ट के लिए कप्तानी के साथ ही टीम से बाहर करने पर भड़के वॉन

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने नाइटक्लब विवाद को लेकर बेन स्टोक्स को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए कप्तानी से हटाने के साथ ही टीम से बाहर करने पर नाराजगी जतायी है। इंग्लैंड और मेहमान टीम न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट केनिंग्टन ओवल, लंदन में 17 जून से खेला जाएगा पर इस मैच से पहले इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने स्टोक और गस एटकिंसन को टीम से बाहर कर दिया है। ईसीबी ने जो रूट को दूसरे टेस्ट के लिए कप्तान बनाया है। इस फैसले पर भड़े वॉन का मानना है कि स्टोक्स ने जरूर गलती की है, मगर उन्हें कप्तानी से नहीं हटाना चाहिए थे। बता दें, बेन स्टोक्स की अगुवाई में ही इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में हुए पहले टेस्ट में जीत दर्ज कर तीन मैच की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई थी। वॉन ने कहा कि स्टोक्स ने नीयम तोड़कर गलती की थी पर उन्होंने सवाल किया कि क्या यह गलती इतनी गंभीर थी कि उन्हें कप्तानी के पद से हटाया जाए।



वॉन ने लिखा, स्टोक्स ने नियम तोड़ा। हां, उन्होंने गलती की। लेकिन क्या यह इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के तौर पर हटाने लायक गलती है? मुझे ऐसा नहीं लगता। वॉन ने कहा कि ईसीसी को कार्रवाई का पूरा अधिकार है पर वह स्टोक्स को लीडरशिप रोल से हटाने के किसी भी कदम से सहमत नहीं हैं। उन्होंने लिखा, ईसीब को इतना साहसी और मजबूत होना होगा कि वह वही करे जो उसे सही लगता है। अगर इसका मतलब उसे निकालना है तो ठीक है, लेकिन मैं इस मुद्दे पर उस फैसले से सहमत नहीं हूं।

वॉन ने स्टोक्स का बचाव ऐसे समय में किया है जब टीम प्रोटोकॉल तोड़ने के बाद इंग्लैंड के कप्तान का भविष्य चर्चा का विषय बन गया है। यह मानते हुए कि वॉन ने तर्क दिया कि सजा गलती के हिसाब से होनी चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की हाल की सफलता में स्टोक्स की भूमिका को देखते हुए पूर्व कप्तान ने कहा कि फैसले में गलती होने पर कप्तानी अपने आप नहीं चली जानी चाहिए। वॉन ने यह भी सवाल उठाया कि क्या सिर्फ़ पेनल्टी ही खिलाड़ियों को गलतियां दोहराने से रोकने के लिए काफी है

## टी20 विश्वकप से 60 गुना अधिक है फीफा विश्वकप की इनामी राशि

एजेंसी, सेन डियागो

अमेरिकि, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रुप से हो रहे टी20 विश्कवकप में पिछले बार से भी अधिक इनामी राशि मिलेगी। वहीं अगर टी20 क्रिकेट विश्वकप से तुलना की जाये तो फीफा विश्व की इनामी राशि 60 गुना अधिक है। इस प्रकार देखा जाये तो क्रिकेट और फुटबॉल जैसे दो सबसे लोकप्रिय खेलों के विश्वक कप की इनामी राशि में भारी अंतर है। जिससे सभी हैरान हैं। फीफा विश्व कप 2026 में इस बार कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट से पहले ही फीफा



ने इस साल की इनामी राशि घोषित कर दी है। जिसमें पिछली बार के मुकाबले लगभग 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़त हुई है। पिछली बार 2022 में फीफा वर्ल्ड प अर्जेंटीना ने खिताब जीता था, और उस समय कुल इनामी राशि 440 मिलियन डॉलर थी। वहीं साल 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 655 मिलियन डॉलर (लगभग 6241 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया है। अब अगर इस विशाल राशि की तुलना हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप 2026 से करें, तो यह अंतर और भी हैरान करने वाला हो जाता है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने भारत में आयोजित टी20 विश्व कप 2026 जीतकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता था। ऐसे में उसे कुल प्राइज मनी 11.25 मिलियन डॉलर में से विजेता के तौर पर 2.63 मिलियन डॉलर (लगभग 24.28 करोड़ रुपये) मिले थे। वहीं फीफा विश्व कप 2026 की कुल प्राइज मनी टी20 वर्ल्ड कप की तुलना में 60 गुना अधिक है।

## लिविंगस्टोन अब लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे

**एजेंसी, लंदन**। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन अब द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे। आईपीएल 2025 की विजेता टीम के सदस्य रहे लिविंगस्टोन का लक्ष्य ऐसे में लॉर्ड्स में अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। लिविंगस्टोन अभी अच्छे फॉर्म में हैं और इसी कारण से उन्हें टीम की कमान सौंपी गयी है। इसकी घोषणा लंदन स्पिरिट ने एक विशेष वीडियो के जरिये की है। लिविंगस्टोन ने कहा, मैं इस गर्मी में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करने को लेकर बेहद से उत्साहित हूं। लॉर्ड्स सिर्फ एक मैदान नहीं, बल्कि क्रिकेट का एक पवित्र स्थल है जहां यहां आने वाले दर्शक हर मैच को यादगार बना देते हैं। हमारी टीम में असाधारण प्रतिभा है, और मेरा लक्ष्य इस सीजन में इतिहास रचना है। इससे साफ है कि झलकता है कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं और टीम को प्रेरित करने के लिए उत्सुक हैं। लंदन स्पिरिट के इतिहास में लिविंगस्टोन चौथे ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन्हें यह महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई है। उनसे पहले इयोन मॉर्गन, डेनियल लॉरेंस और केन विलियमसन जैसे दिग्गज इस टीम की कप्तानी संभाल चुके हैं। मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने भी लिविंगस्टोन पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

## मानव सुथार अब वारविकशर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

युवा लेग स्पिनर मानव सुथार अब इंग्लैंड की काउंटी चैम्पियनशिप में वारविकशर टीम की ओर से खेलते दिखेंगे। वारविकशर क्लब ने सुथार को अगले दो काउंटी चैम्पियनशिप मैचों के लिए शामिल किया है। 23 साल के सुधार अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सभी की नजरों में आये हैं। उन्होंने पहली पारी में सिर्फ 33 रन देकर छह विकेट जबकि दूसरी पारी में भी 29 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण ही



अब उन्हें काउंटी क्रिकेट में अवसर मिला है। सुथार ने इससे पहले घरेलू क्रिकेट में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

उनके नाम 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 129 विकेट दर्ज हैं, जो उनकी निरंतरता और कौशल का प्रमाण है। यह अनुभव उन्हें काउंटी क्रिकेट के चुनौतीपूर्ण हालातों और अनुभवी बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करने में निश्चित रूप से मदद करेगा। वारविकशर के साथ उनका यह अल्पकालिक अनुबंध उन्हें काउंटी चैम्पियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध कराएगा। उनका पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में खेला जाएगा। वहीं इसके बाद वह अगले सप्ताह टॉनटन में समरसेट के खिलाफ भी खेलते दिखेंगे। यह भारतीय स्पिनर के लिए इंग्लैंड के माहौल में ढलने और अपनी स्किल्स को परखने का एक शानदार अवसर होगा।

# बिजनेस

## यूएचएम वैकेशन की स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत, डिस्काउंट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी, नई दिल्ली

बी टू बी ट्रैवल सर्विस ऑफर करने वाली कंपनी यूएचएम वैकेशन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 166 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 132.80 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर 126.20 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 39.80 रुपये यानी 23.98 प्रतिशत का नुकसान हो गया। यूएचएम वैकेशन का 36 करोड़ रुपये का आईपीओ चार से आठ जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला




था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 100 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 86 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.86 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 29 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 4.20 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नई शेयरों के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मार्केटिंग और प्रमोशन करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 11 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.27 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का मुनाफा उछल कर 7.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से लेकर 28 फरवरी 2026 तक कंपनी को 8.05 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 20.49 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 30.66 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में 40.20 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से लेकर 28 फरवरी 2026 तक कंपनी को 45.29 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था।

### शुरुआती कारोबार में रिकवरी के मूड में शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। लगातार लिवाली होने के बावजूद पहले एक घंटे का कारोबार होने तक दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही बने हुए थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईसीआईसीआई बैंक, ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 1.36 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी, इंफोसिस, ट्रेंट लिमिटेड, टीसीएस और एटरनल के शेयर 3.28 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर दरें बढ़ाई, नई दरें 12 जून से प्रभावी

एजेंसी, नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के दो प्रमुख बैंकों केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी सीमांत लागत आधारित उधारी दर (एमसीएलआर) में 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी की है। दोनों की नई एमसीएलआर दरें 12 जून से प्रभावी होंगी। केनरा बैंक ने गुरुवार को जानकारी दी कि 24 घंटे के लिए एमसीएलआर बढ़कर अब 7.95 फीसदी, 1 महीना के लिए 8 फीसदी, 3 महीने के लिए 8.25 फीसदी, 6 महीने के लिए 8.60 फीसदी, 1 साल के लिए 8.75 फीसदी (कोई बदलाव नहीं), 2 साल के लिए 9.00 फीसदी और 3 साल के लिए 9.05 फीसदी हो जाएगा। एमसीएलआर की दरों में बढ़ोतरी के बाद ग्राहकों के लिए कर्ज लेना और महंगा हो जाएगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कुछ अवधि की एमसीएलआर की दरों में 0.05 फीसदी बढ़ोतरी की है। बैंक के अनुसार एमसीएलआर की दर 7.80 फीसदी से बढ़कर अब 7.85 फीसदी हो जाएगी। 24 घंटे के लिए




एमसीएलआर अब 7.85 फीसदी, एक महीना के लिए 7.95 फीसदी, 3 महीने के लिए 8.20 फीसदी, 6 महीने के लिए 8.50 फीसदी और 1 साल के लिए 8.75 फीसदी हो जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के एमसीएलआर दर में वृद्धि से होम लोन, ऑटो लोन और अन्य फ्लोटिंग रेट वाले लोन की ब्याज दरों पर असर पड़ सकता है।

**क्या होता है एमसीएलआर :** एमसीएलआर वह आधार दर होती है, जिस पर बैंक अपने अधिकांश लोन की ब्याज दर तय करते हैं। इन बैंकों के फैसले का असर ग्राहकों के आवासीय ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋण की मासिक किस्तों पर पड़ सकता है। केनरा और बैंक ऑफ बड़ौदा ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में लगातार दूसरी बार कोई बदलाव नहीं किया। फिलहाल रेपो रेट 5.25 फीसदी पर स्थिर बनी हुई है।

## केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर शून्य किया

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को पूरी तरह से हटा दिया है। यह शुल्क छूट पेट्रोल के ई22, ई25, ई27 और ई30 संस्करणों पर लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में बुधवार को एक अधिसूचना में जानकारी दी है कि 22 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक 22, 25, 27 और 30 फीसदी ईथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 'शून्य' होगा। यह उत्पाद शुल्क छूट ग्राहकों को ईथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल




की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों के मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटाया था, जिससे उसने वार्षिक राजस्व में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का घाटा उठाया था। सरकार ने यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के उद्देश्य से लिया था।

## सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजार में सोना आज 3,970 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 4,020 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आ गई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,36,440 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी बड़ी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,000 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,48,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## स्टॉक मार्केट में वाह केमिकल्स की प्रीमियम लिस्टिंग, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली

टेक्सटाइल इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले केमिकल का उत्पादन करने वाली कंपनी वाह केमिकल्स का 13.45 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 60 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 4,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,40,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 22.42 लाख नए शेयर जारी



हो रहे हैं। इनमें 1.14 लाख शेयर मार्केट मेकर के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.46 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए भी 47.46 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.08 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए मारवाड़ी चंदाराणा इंटरमीडियरीज ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है।

वाह केमिकल्स की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को 2.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 5.09 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

फिल्म

# 'सिंग गीथम' की रिलीज से पहले वेंकटेश दग्गुबती ने की सिंगीतम श्रीनिवास राव की तारीफ



सा साउथ सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर और स्क्रीन राइटर सिंगीतम श्रीनिवास राव की अपकमिंग फिल्म 'सिंग गीथम' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शनपर डायरेक्टर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'मशहूर डायरेक्टर और स्क्रीन राइटर सिंगीतम श्रीनिवास राव का सफर इस बात का शानदार उदाहरण है कि जुनून और रचनात्मकता की कोई उम्र नहीं होती. भारतीय सिनेमा में उनका योगदान अमूल्य है और दशकों से उनकी कहानियों का जादू दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है.' बुधवार को एक्टर दग्गुबती वेंकटेश ने सोशल मीडिया के जरिए डायरेक्टर और उनके कहानी कहने के तरीके की जमकर सराहना की. साथ ही उन्होंने उनकी रचनात्मक सोच और सिनेमा में दिए गए योगदान की भी तारीफ की. आइए जानते हैं कि वेंकटेश ने उनके बारे में क्या-क्या खास बातें कहीं. ये एक म्यूजिकल फैंटेसी ड्रामा है, जिसे विजयंती मूवीज और स्वप्ना सिनेमा के बैनर तले नाग अश्विन द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा. इसे भारत की पहली म्यूजिकल फैंटेसी के रूप में प्रचारित किया जा रहा है. फिल्म की कहानी पारंपरिक संवादों के बजाय मुख्य रूप से गानों और संगीत के माध्यम से आगे बढ़ती है. उन्होंने आगे अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि डायरेक्टर आज की युवा पीढ़ी के लिए भी फिल्म 'सिंग गीथम' लेकर आ रहे हैं. एक्टर दग्गुबती वेंकटेश ने लिखा, 'ये खुशी की बात है कि अब नई पीढ़ी को भी 'सिंग गीथम' के जरिए उनके इस अनोखे जादू को देखने और समझने का मौका मिलेगा. ये फिल्म 11 जून को रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म की पूरी टीम को मेरी तरफ से शुभकामनाएं. उम्मीद है कि 'सिंग गीथम' लोगों के दिलों तक पहुंचेगी और हर जगह दर्शकों का प्यार हासिल करेगी.




# 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर रिलीज, हंस-हंसकर हो जाएंगे लोटपोट

अ अक्षय कुमार अपने कॉमेडी जोन में वापस लौट आए हैं... वेलकम टू द जंगल का ट्रेलर देख हर कोई ये ही बोल रहा है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का मजेदार ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है. इस 4 मिनट 10 सेकंड के ट्रेलर ने हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया है। ट्रेलर को यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं ट्रेलर के बारे में. ये मल्टीस्टारर फिल्म है. इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा सुनील शेट्टी, परेश रावल, नाना पाटेकर, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, दलेर महंदी, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक जैसे तमाम स्टार्स हैं। सभी को ट्रेलर में जगह दी गई है. सभी ने शानदार परफॉर्म किया है। ट्रेलर की शुरुआत में सभी एक्टर्स को इंट्रोड्यूस किया जाता है. ट्रेलर में दिखाया गया कि नाना पाटेकर एक 2000 करोड़ की फिल्म बना रहे हैं, जिसके लिए उन्हें एक्टर्स चाहिए. इसके बाद कहानी शुरू होती है और धीरे-धीरे हंसी का कॉमेडी का बवंडर आता है. अक्षय कुमार फिल्म के मैन हीर हैं और हर सीन में अपने नैचुरल अंदाज से जान डालते हैं. दलेर महेंदी का भी एक बड़ा डायलॉग है जो काफी फंनी है. रवीना टंडन और अक्षय को एक साथ पर्दे पर देखना किसी ट्रीट से कम नहीं है। वहीं अक्षय-सुनील और परेश रावल को देख फैंस 'हेरा फेरी' की भी डिमांड करने लगे. कॉमेडी टॉप लेवल है. म्यूजिक और सेट भी शानदार है. कुल मिलाकर ट्रेलर शानदार है। ट्रेलर में भर-भरकर हंसी के पंच हैं. डायलॉग फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। यूजर्स ट्रेलर को शानदार बना रहे हैं और फिल्म को ब्लॉकबस्टर बोल रहे हैं. लोग अक्षय कुमार को कॉमेडी करते देख पसंद कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा-मजेदार ट्रेलर. 26 जून का इंतजार है. दूसरे ने लिखा- अक्षय कुमार कॉमेडी जोन में वापस आ गए. एक यूजर ने लिखा- अक्षय कुमार कॉमेडी के किंग हैं. मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म. इंतजार नहीं हो रहा. एक यूजर ने लिखा- अक्षय कुमार अपने कंधों पर बॉलीवुड को लेकर चल रहे हैं. वहीं एक यूजर ने लिखा- बहुत ही ज्यादा फनी है भाई कसम से हंसते-हंसते पेट में दर्द होने लगा. इसी तरह के तमाम कमेंट यूजर्स कर रहे हैं। बता दें कि फिल्म 26 जून को रिलीज हो रही है। फिल्म को अहमद खान ने बनाया है. रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म का बजट 250 करोड़ है। वहीं फिल्म के ट्रेलर को भी ग्रैंड लेवल पर लॉन्च किया गया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए डेढ़ करोड़ का सेट लगाया गया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में रवीना टंडन नहीं पहुंचीं।




# यूएन मुख्यालय में राधिका अंबानी बोलीं : 'भगवद गीता' पसंदीदा किताब, 'लगान' ने डाला सबसे ज्यादा असर



हा हाल ही में इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस के हेडक्वार्टर पहुंचीं. यहां राधिका ने कई टॉपिक पर बात की. उन्होंने बताया कि महिलाओं का इंडिपेंडेट होना कितना जरुरी है. इसके अलावा राधिका ने ये भी बताया कि किस फिल्म का उन पर ज्यादा असर पड़ा. यहां राधिका ने रैपिड फायर राउंड में फिल्म और बुक्स को लेकर बात की. उनसे पूछा गया कि ऐसी कौनसी किताब है जो सभी को पढ़नी चाहिए. तो इस पर राधिका ने कहा- भगवत गीता. इसके बाद उनसे सवाल किया गया कि ऐसी कौनसी फिल्म है जिसने उन पर प्रभाव डाला. इस पर राधिका ने कहा, 'लगान'. इसके बाद उन्होंने बताया कि लास्ट ओटीटी शो कौनसा देखा. राधिका ने कहा कि उन्होंने 'फ्रेंड्स' लास्ट देखा. इसके अलावा जब उनसे पूछा गया कि जब यूथ का जिक्र होता है तो आपके दिमाग में क्या आता है. इस पर राधिका ने कहा- फ्यूचर. वहीं इंडिया का जिक्र सुनते ही राधिका ने बताया कि उनके दिमाग में नरेंद्र मोदी आते हैं. इसके अलावा जब उनसे पूछा गया कि एक ऐसी चीज जो आपके लगता है कि आपको 16 साल की उम्र में पता होनी चाहिए. तो इस पर राधिका ने कहा कि किसी को भी फेल होने से नहीं डरना चाहिए. बड़े सपने देखें और सब कुछ पॉसिबल है. आपको सिर्फ छोटी-छोटी चीजें करनी होती हैं. 'लगान' फिल्म की बात करें तो इस फिल्म में आमिर खान लीड रोल में थे. वहीं ग्रेसी सिंह फीमेल लीड रोल में थीं. इस फिल्म को आमिर खान और मंसूर खान ने प्रोड्यूस किया था. वहीं आशुतोष गोवारिकर ने डायरेक्ट किया है. फिल्म का बजट 25 करोड़ था. फिल्म 15 जून 2001 को रिलीज हुई थी. बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म ने 34.31 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था. फिल्म ने ग्रॉस 47.65 करोड़ कमाए और वर्ल्डवाइड 58.03 करोड़ का कलेक्शन किया।



# वरुण धवन ने की राखी सावंत की तारीफ बोले- 'वो भारतीय पॉप कल्चर की आइकॉन हैं'





ए एक्टर वरुण धवन ने सोशल मीडिया और पॉप कल्चर से जुड़े दिलचस्प विषयों पर खुलकर बात की. कॉमेडियन तन्मय भट्ट के शो में पहुंचे एक्टर ने राखी सावंत की जमकर तारीफ की और उन्हें भारतीय पॉप कल्चर का एक आइकॉन बताया. जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. आइए जानते हैं आखिर वरुण ने राखी सावंत और अपने वायरल मीम्स को लेकर क्या कहा. शो के दौरान एक इंटरनेट मीम दिखाया गया, जिसमें एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में लगी एक इंस्टॉलेशन को राखी सावंत जैसा बताया गया था. इस पर रिस्पॉन्स देते हुए वरुण धवन ने कहा कि राखी सावंत अब केवल एक सेलिब्रिटी नहीं हैं, बल्कि पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुकी हैं. उन्होंने कहा कि राखी एक आइकॉन हैं और कई लोगों ने उनकी शैली और व्यक्तित्व की नकल करने की कोशिश की है, लेकिन उनकी जगह कोई नहीं ले सकता. वरुण के मुताबिक, राखी सावंत जैसी शख्सियत केवल एक ही हो सकती है. बातचीत के दौरान वरुण धवन ने अपनी मुस्कान को लेकर सोशल मीडिया पर बने मजाक और मीम्स का भी जिक्र किया. उन्होंने बताया कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि उनकी मुस्कान ट्रोलिंग का विषय बन जाएगी. एक्टर ने अपने पिता और डायरेक्टर डेविड धवन से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया. उन्होंने बताया कि डेविड धवन उनकी मुस्कान पर आधारित एक मजाक अपनी फिल्म में शामिल करना चाहते थे. योजना ये थी कि फिल्म में वरुण के बच्चों का एक सीन दिखाया जाए, जिनकी मुस्कान बिल्कुल उनकी तरह हो. हालांकि, बाद में इस विचार को फिल्म में शामिल नहीं किया गया. एक्टर ने कहा कि उन्हें लगता था कि लोग उनकी आवाज, हाइट या एक्टिंग को लेकर मजाक बना सकते हैं. उन्होंने हंसते हुए कहा कि करियर की शुरुआत में उनकी आवाज काफी अलग थी और उनके भाई भी इस बात को लेकर उन्हें चिढ़ाते थे. हालांकि, समय के साथ उन्होंने इन मीम्स और मजाक को सकारात्मक तरीके से लिया. वरुण ने कहा कि कुछ समय बाद उन्हें भी अपनी मुस्कान पर बने जोक्स मजेदार लगने लगे।

# मौनी रॉय और जिमी शेरगिल का गाना 'पड़ोसन' रिलीज, लिरिक्स पर जमकर बखेड़ा

डे डेविड धवन की कई स्टार्स वाली रोमांटिक कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है' बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले अहम हफ्ते के दिनों में भी लोगों का ध्यान खींच रही है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड में शानदार 24 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, लेकिन ये अब सुस्त होती जा रही है। वहीं, फिल्म के गाने भी धीरे-धीरे रिलीज हो रहे हैं। फिल्म का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है और मौनी रॉय इसमें डांस कर रही हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है। इसमें मौनी रॉय और जिम्मी शेरगिल दिखाई दे रहे हैं और दोनों जबरदस्त डांस भी कर रहे हैं। गाने के लिरिक्स कुछ ऐसे हैं कि 'पत्नी को खिचड़ी खिलाके सुलाने में, भैया जी, लेट कभी होने ना दें और फिर सवेरे तक अपनी पड़ोसन को सोने ना दें!' गाने के कमेंट सेक्शन में एक बार फिर अश्लीलता को लेकर बातें शुरू हो गई हैं। कुछ फैंस ने तो गुस्से में काफी कुछ बोल दिया और



फिल्म इंडस्ट्री पर ही सवाल उठाया। एक ने लिखा- मौनी जिमी तो अच्छे हैं लेकिन ये गाना, कितना घटिया है। एक ने कहा- चीप गाना और उससे बकवास फिल्म। कमेंट सेक्शन में मौनी रॉय की तो खूब तारीफ हुई है, लेकिन लिरिक्स को लेकर भद भी पिट रही है। एक ने लिखा- इन लोगों की वजह से पड़ोसन भी सेफ नहीं है। एक ने कहा- इसके अलावा कुछ रह गया है कि नहीं। मौनी रॉय का तो कमेंट सेक्शन ऐसी ही बातों से भरा हुआ है। एक ने लिखा- बस यही सुनने को बाकी रह गया है। एक यूजर ने कहा- एक असली सवालः क्या एक्टर्स साइन करने से पहले गाने के बोल सुनते हैं, या रिलीज होने के बाद हम लोगों की तरह उन्हें भी पता चलता है?

फिल्म ने पहले दिन देश भर में 9,081 शो के साथ 7.50 करोड़ रुपये की घरेलू नेट कमाई की और भारत में कुल 9.00 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई की। इंटरनेशनल मार्केट से 2.00 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई और जुड़ी, जिससे पहले ही दिन कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कमाई 11.00 करोड़ रुपये हो गई। वहीं, फिल्म ने अब तक केवल 24 करोड़ कमाए हैं। अनुभवी फिल्म निर्माता डेविड धवन की निर्देशित 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े लीड रोल्स में हैं, जिसमें मनीष पॉल, चंकी पांडे, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय और राजपाल यादव जैसे कई कलाकार शामिल हैं।



# 'तनु वेड्स मनु 3' फ्रेंचाइजी के नए चैप्टर की तैयारी शुरू

रि रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी साल कंगना रनौत स्टारर हिट फ्रेंचाइजी फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की घोषणा इरोज इनोवेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई नई कंटेंट लिस्ट के दौरान की गई। फिल्म फ्रेंचाइजी 'तनु वेड्स मनु' के फैन्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। इस सुपरहिट सीरीज का तीसरा भाग 'तनु वेड्स मनु : द नेक्स्ट चैप्टर' को बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग इसी साल शुरू होने जा रही है। फिल्म का निर्देशन मिताक्षरा कुमार करेंगी, जो इससे पहले 'हीरामंडी' और 'द एम्पायर' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। इस फिल्म का निर्माण रुद्रक सोमा ज्योति लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा। 'तनु वेड्स मनु' फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बना चुकी है और अब इसके नए चैप्टर को लेकर आ रही है। इरोज इनोवेशन ने अपनी नई कंटेंट स्ट्रैटिजी के तहत तीन प्रमुख पहलों की घोषणा की है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण 'इरोज ब्रम्ह्मांड' है, जो भारतीय पौराणिक कथाओं और लोककथाओं से प्रेरित एक नया सिनेमाई ब्रह्मांड होगा। इसके तहत नौ ओरिजिनल प्रोजेक्ट्स तैयार किए जाएंगे। इनमें 'नंदी – वॉर ऑफ कैलाश', 'द्वारकाः गेटवे टू द यूनिवर्स', 'विमान वॉर्स', 'महाभारत 5000 एडी' 'यक्षिणी', 'ब्रह्मराक्षस', 'गरुड़', 'कुंभयन्न'



और 'मनसा देवी' शामिल हैं। इन सभी प्रोजेक्ट्स को आपस में जोड़कर एक व्यापक और रोचक कहानी की दुनिया तैयार की जाएगा। दूसरी पहल 'इरोज यूनिवर्स' है, जिसमें कई लोकप्रिय फिल्म टाइटल्स को नए रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। इस लिस्ट में 'तनु वेड्स मनु – द नेक्स्ट चैप्टर' के अलावा 'फोबिया', 'इंग्लिश विंग्लिश', 'देसी बॉयज', 'रंगीला' और 'तेरे नाम' जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, इन कहानियों को फिल्मों, एनीमेशन, माइक्रोड्रामा और कैरेक्टर बेस्ड कंटेंट के जरिए नए अंदाज में दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

# No proposal or discussion to merge with Congress: TMC

**New Delhi, Agency :** The Trinamool Congress on Wednesday denied that there was any proposal or discussion about the Mamata Banerjee led party merging with the Congress at a meeting between leader of opposition Rahul Gandhi and TMC national general secretary Abhishek Banerjee on Wednesday.



The meeting between Rahul and Abhishek at 10, Janpath came a day after TMC chairperson Mamata Banerjee met CPP chairperson Sonia Gandhi.

Speculation about a merger being deliberated - which TMC and Congress members have termed "bogus" and "baseless" - grew as sources within the rebel TMC camp said it has managed support of at least 19 Lok Sabha MPs - two-thirds of the party's strength of 28 - and will claim to be representing its parliamentary wing in the House. The development only adds to Mamata's West Bengal poll setback.

"The issue of merger of TMC with Congress and all other speculation around this is all rumours and incorrect. No such thing was discussed," TMC sources said. Even Congress sources denied any discussion or move for merger.

Congress spokesperson Jairam Ramesh made it clear on X that some news reports on what supposedly transpired in the meeting between Sonia and Mamata on Tuesday are "completely inaccurate". "The meeting was very cordial and many personal matters were talked about, given the long relationship they have had," he added.

On Monday, in an about turn from her past hostility, former Bengal CM Mamata at a INDIA bloc meeting said Congress should take lead in the opposition's fight against BJP. Photos were also shared by Congress where Mamata and Sonia were seen hugging each other and sharing a warm interaction.

Building on the discussions between the TMC chief and CCP chairperson when they met on Tuesday, Rahul Gandhi and Abhishek Banerjee on Wednesday discussed developments in West Bengal and how the TMC and Congress can coordinate and work together to strengthen their presence in the state.

## Power Cuts Leave Turkaulia Offline

Sagar Suraj

### Mobile and Internet Services Collapse During Power Outages in Turkaulia, Disrupting Public Services, Education and Emergency Communication




**MOTIHARI:** Frequent mobile network and internet failures during power cuts have become a serious concern in Turkaulia block of East Champaran, affecting thousands of residents, students, traders and government officials.

The problem, locals say, stems from the lack of reliable power backup at telecom towers, causing communication services to collapse whenever electricity supply is interrupted.

A majority of consumers in the rural region depend on Jio network services for voice calls and internet connectivity. However, residents allege that mobile towers stop functioning soon after power outages, leaving entire areas without network coverage for hours. The recurring disruptions have affected daily life, emergency communication and government operations.

Residents including Pradeep Kumar, Raj Gupta, Asgar Ali, Sunil Singh, Prakash Kumar, Sajan Kumar, Saddam Hussain, Vikas Gupta, Munna Alam, Rajkumar Giri, Yadvalal Kumar, Sanjay Kumar, Santosh Kumar, Rupesh Kumar and Mukesh Kumar said mobile signals disappear almost immediately after electricity failures. They said emergency calls often cannot be made, online classes are interrupted and business transactions suffer due to the absence of internet connectivity.

Villagers Satish Kumar, Satyam Kumar, Harendra Kumar, Virendra Singh and Chandan Singh alleged that despite paying regularly for 5G services, subscribers struggle to access even basic network connectivity during outages. According to them, incoming calls also become inaccessible, causing widespread inconvenience among users.

The communication crisis has also impacted public administration. Officials posted at the police station, block office, circle office, MGNREGA unit, e-Kisan Bhawan and BRC have reported difficulties in carrying out routine work due to unreliable mobile services.

Turkaulia Police Station SHO Sampat Kumar said poor network connectivity frequently hampers police functioning and delays the flow of important information. He noted that several residents have complained about being unable to contact police personnel during emergencies.

Block Development Officer Santosh Raj said communication with block-level employees becomes difficult whenever network services fail, affecting the timely execution of official work.

Residents have urged telecom operators to install adequate backup systems such as generators and UPS facilities at telecom towers to ensure uninterrupted connectivity.

They have also demanded quicker fault-resolution mechanisms to prevent prolonged service disruptions.

## Lives of seafarers important: India lodges protest with the US for ship attack as 3 Indians go missing;



**New Delhi, Agency:** The government condemned a US attack on a commercial vessel off the coast of Oman on Wednesday that left 3 Indian crew members missing, while also officially lodging a protest with the US embassy here. There were 24 Indian seafarers onboard the Palau-flagged Settebello, which was struck by precision munitions while transiting the Gulf of Oman, out of which 21 have been rescued.

It is learnt that the Ministry of External affairs (MEA) additional secretary (Americas) Nagaraj Naidu summoned US charge d'affaires Jason Meeks and delivered a formal demarche protesting what was the second attack in the past few days by US forces on a shipping vessel with many Indian crew members on board.

Unlike the ship that was targeted earlier, Settebello is not blacklisted by the US Office of Foreign Assets Control, a point that Naidu made in the extended meeting that started at 8.45 pm and lasted for almost 25 minutes. India had not condemned the first attack. The Indian official sought an end to the targeting of commercial shipping, underscoring India's point that lives of seafarers are important.

## Superintendent of Police made a reshuffle, 5 inspectors and 2 sub-inspectors were transferred



**Uraiya, Agency:** In Auraiya district of Uttar Pradesh, Superintendent of Police Abhishek Bharti has made a major reshuffle in the police department with the aim of strengthening the law and order of the district and has changed the jurisdiction of 5 Inspectors and 2 Sub-Inspectors.

According to the order issued, Inspector in-charge Vinesh Kumar has been transferred from Airwakatra police station and made Inspector in-charge of Bidhuna police station. Inspector Lalitesh Narayan Tripathi, who was currently Inspector in-charge of Ajitmal police station, has been given the responsibility of Bela police station.

Inspector Ramesh Singh, Inspector in-charge of Sahar police station, has been transferred and appointed Inspector in-charge of Ajitmal police station.

# Dharmapuri farmers drum up profits with moringa

**Moringa,Agency;** Every 15 days, bundles of fresh moringa leaves leave farms in Dharmapuri for Singapore and Dubai, bringing farmers a steady income that many say is more reliable than traditional crops.

Farmers in the district, particularly in Palacode and surrounding villages, say exporters have begun buying directly from them and sending consignments overseas.

"We sell the moringa for Rs 30 to Rs 50 per bundle and earn about Rs 70,000 per acre per month on average," says R Kumar, a farmer from Gummanur. "We make profits of Rs 1.5 lakh to Rs 2 lakh over a three-month cycle."

Exporters say the growing demand stems from moringa's reputation as a superfood. Often referred to as the "miracle tree", moringa is increasingly being used in health supplements, functional foods and nutrition programmes. Its leaves are said to be rich in protein, calcium, iron and antioxidants such as quercetin and chlorogenic acid and to contain all nine essential amino acids.




"Moringa powder is in high demand abroad. And the quality of moringa from Dharmapuri is good," says S Prakash, an exporter from Hosur.

Officials say government support such as a 100% subsidy for drip irrigation systems, has helped expand cultivation. "Farmers can maintain regular yields while keeping costs low," says a horticulture official. "Dharmapuri is emerging as a hub for moringa exports. The model here is being replicated in other districts to meet rising global demand."

Drip irrigation allows us to harvest regularly," says M Rajendran, a farmer in Marandahalli. "We don't have to worry anymore about having a steady income."

India met nearly 80% of global demand for moringa leaves.

## The foundation stone of Krishi Vigyan Kendra will be laid on June 14 in Vidisha

**Vidisha, Agency:** in Vidisha New Delhi, June 11 (HS). The foundation stone of an Krishi Vigyan Kendra will be laid on June 14th in Vidisha, Madhya Pradesh. This center will be developed as a model in the agricultural sector. With the establishment of this center, farmers here will receive scientific farming advice, information and benefits from government schemes. In

a video message released on Thursday, Union Minister Shivraj Singh Chouhan stated that June 14th will be a historic day for agriculture and farmers in the Vidisha parliamentary constituency. The foundation stone of the Krishi Vigyan Kendra will be laid at 10 am on June 14th in



Berkhedi Jattu, Vidisha. This Krishi Vigyan Kendra will be a model Krishi Vigyan Kendra in India.

He stated that the implementation of the scientific agricultural roadmap developed for Vidisha, Raisen, Sehore, and Dewas districts will begin at the event. Chauhan said that important information will also be provided to farmers under the "Farm Save Campaign.

# What's on-screen marking, and where CBSE failed this time

**New Delhi, Agency:** The rollout of OSM (on-screen marking), a digital system to manage and mark CBSE answer scripts, was well-intentioned. For teachers, it was supposed to make things easier, the software promising to eliminate the most common marking and totalling mistakes. For students, it was supposed to usher in a tech-enabled layer of transparency: the scripts, time-stamped at every stage, would be stored in secure servers, ready for reevaluation, if the odd error cropped up.

In reality, the small step towards digitisation proved hugely controversial. OSM - announced just a week before the exam, without giving examiners a chance to acquaint themselves with the system, according to some allegations - caused widespread result discrepancies, website crashes, and severe data privacy concerns regarding answer sheets. Riddled with evaluation errors, system and portal vulnerabilities, and data privacy backlash, it escalated into a national crisis, with students even questioning why the board appointed COEMPT Eduteck, which had allegedly been involved in previous evaluation controversies in other states, to manage OSM.



So, what went wrong What Is OSM

OSM is the acronym for CBSE's 'OnScreen Marking', which the board introduced for Class 12 this year.

As the name suggests, OSM replaces paper checks with digital evaluation.

What was CBSE's workflow After a student is finished with the paper, the answer sheets are first collected from the exam centres, and securely transported to Regional Offices (ROs).

# Borders to get anti-drone walls to curb arms & drugs smuggling



**New Delhi, Agency:** An anti-drone shield will be part of the 'smart border security grid' to check cross-border drone-smuggling of narcotics as well as arms and ammunition, as per a home ministry decision, sources said.The anti-drone shield has been developed indigenously and will soon be deployed to check drones which have been used by ISI and drug traffickers, who more often than not work in tandem, to drop arms and drugs in the border areas, especially in Punjab.

The grid - which will also have the land port management system (LPMS) launched by home minister Amit Shah on Tuesday - will have sensors and smart fencing to enhance border security and surveillance, they said.

# How & why the South took command of India's skies

**New Delhi, Agency:** Aviation in India is that rare thing - a sureshot growth industry. But there's a fascinating story within this story. The South - Andhra Pradesh, Telangana, Tamil Nadu, Karnataka, and Kerala - dominates aviation. Slice and dice the data any which way, southern states together fly far above every other region. And much of this change has happened over the last 10 years. Plus, in some ways, the southern aviation market has started resembling mature markets in advanced countries.



South Rules, Domestic Or International Take recent data. Between April 2025 and March 2026, 41 out of every 100 international passengers crossing India's borders did so through a southern airport. The northern region, including Delhi, accounted for 28. The West, including Mumbai, managed 25, per Airports Authority of India numbers.

The domestic picture is just as striking. Southern airports carried one crore more passengers than the North, and 1.44 crore more than the West, despite the fact that Delhi and Mumbai, India's two busiest airports, sit in the northern and western regions.

Interestingly, a decade ago, the race was much tighter. The West led with about five crore annual domestic passengers, followed by the North at 4.8 crore, and the South at 4.6 crore. But by 2024-25, the South had crossed the 10-crore domestic passenger mark. The other regions are still waiting to get there.

Below Vindhyas, it's like the US or Japan This is not just a story of bigger airports or fuller flights. It is the story of an aviation market that has matured differently. The govt's UDAN scheme, whose first flight took off in April 2017, is perhaps the clearest map of where Indian aviation still needs help.